हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 15 जुलाई 2024



# साढ़े पांच करोड़ का हाईटेक बस स्टैंड बना गौठान, व्यवस्थाएं चौपट..यात्रीगण परेशान

## छह साल पहले हुए उद्घाटन के बाद अनदेखी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन छह साल पहले 2018 में साढ़े पांच करोड़ की लागत से हाईटेक बस स्टैंड का निर्माण शहर में किया गया था। निर्माण के दौरान वादे किए गए थे कि इस बस स्टैंड में यात्रियों को हर संभव सुविधाएं प्रदान की जाएगी, लेकिन आज छह साल बाद सुविधाएं छोड़िए, यात्रियों को बस का इंतजार करने के लिए बैठने की व्यवस्था भी इस बस स्टैंड में नहीं रह गई है।

निगम के अधिकारियों की अनदेखी और लापरवाही का नतीजा है कि करोड़ों रुपए की लागत से बने इस हाईटेक बस स्टैंड में अब मवेशियों का कब्जा हो चुका है। वेटिंग एरिया के साथ ही बस स्टैंड के लगभग सभी स्थानों में मवेशी बैठे हुए देखे जा सकते हैं। इतना ही नहीं इन मवेशियों द्वारा जगह-जगह गंदगी भी फैला दी गई है। ऐसे में यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।





**इन सुविधाओं का था वादा** :छह साल पहले तत्कालीन राज्य सरकार द्वारा बनाए गए इस हाईटैक बस स्टैंड में बस खड़ी करने स्टैंड के साथ-साथ व्हीकल, मोटर साइकिल, कार-जीप के लिए पार्किंग, बुकिंग ऑफिस, वेटिंग रूम अन्य 18 ऑफिस, क्लाक रूम, दुकान, पेयजल सुविधा, महिला-पुरूष मूत्रालय व शौचालय, होटल- रेस्टोरेंट, उद्यान आदि के निर्माण का वादा किया गया था, जहां लिफ्ट के अलावा कम्प्यूटराईज सीसी कैमरा भी लगाने की बात कही गई थी।



## खबर संक्षेप

### नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश के लिए परीक्षा



**राजनांदगांव।** नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश के लिए व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा राजनांदगांव शहर के 6 केन्द्रों में परीक्षा आयोजित की गई। सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक एक पाली में परीक्षा आयोजित हुई। बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में ज्यादातर परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश के लिए 6 सेंटर के माध्यम से 2506 परीक्षार्थियों के लिए बैठक व्यवस्था की गई थी, लेकिन नर्सिंग महाविद्यालय में प्रवेश के लिए अधिकांश परीक्षार्थियों ने रूचि नहीं दिखाई और 2506 परीक्षार्थी में से 1423 परीक्षार्थी ही उपस्थित रहे। वहीं 1083 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षार्थी संजय कुमार खैर और पवन रेखा वर्मा ने कहा कि परीक्षा के सवाल काफी अच्छे थे। सब कुछ सिलेबस से ही मिला था। वहीं परीक्षा को लेकर शासकीय महाविद्यालय की प्राचार्य अंजना ठाकुर ने बताया कि व्यापम द्वारा बीएससी नर्सिंग 2024 के परीक्षा आयोजित की गई थी, जो शांतिपूर्ण संपन्न हुई है।

## माए एंगल




### मैनेजमेंट से चल रहा निगम में सभी काम, दोनों दल इसमें शामिल

# एक करोड़ की लाइट खरीदी में सब मौन सफाई ठेका टेंडर में बंटवारे का फार्मूला!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में हुए दो कामों से इसको समझा जा सकता है, पहला एक करोड़ रुपए की लाइट खरीदी। देशभर में करीबन ढाई महीने तक चले लोकसभा चुनाव के बीच शहर को रौशन करने के लिए लगभग एक करोड़ रुपए की लाइट खरीदी कर ली गई। यह काम भाजपा के ही एक नेता को दिया गया, हालांकि अफसरों का कहना है कि पूरी पारदर्शिता के साथ टेंडर प्रक्रिया हुई। लेकिन निगम की पारदर्शिता को आमजन अच्छे से जानते है। इस टेंडर की जानकारी बाहर आते ही कांग्रेसियो ने विरोध करना शुरु किया।

टेंडर तक रद्द करने की बातें हुई लेकिन मैनेजमेंट का ऐसा खेल चला कि टेंडर रद्द करना छोड़िए, 70 फीसदी से अधिक लाइट खरीद भी ली गई। ऐसा ही दूसरा प्रकरण है सफाई ठेका, शहर के 27 वार्डो को साफ रखने के लिए होने वाले इस ठेके में अब से पहले तक अधिकांश कांग्रेसी पार्षदों का कब्जा था। विपक्षी भाजपा पार्षदों को मैनेज करने के लिए गिने चुने वार्ड का ठेका उन्हें दिया जाता था। लेकिन इस बार प्रदेश में सत्ता परिवर्तन का असर इसमें भी दिखाई दे रहा है। अब भाजपा से जुड़े निगम के जनप्रतिनिधि अधिकांश ठेका अपने हिस्से में रखना चाहते है। कांग्रेसियों को मैनेज करने के लिए अब भाजपाइयों ने अपना ऑफर उन्हें दिया है।

> *“शहर सरकार को जनता ने संस्कारधानी की सीरत और सूरत बदलने का जिम्मा देकर जिताया था, लेकिन चुनाव जीतने के बाद इन जनप्रतिनिधियों ने जनता के सरोकार वाले काम को छोड़कर बाकी सब कुछ किया। हालत यह है कि करीबन 8 महीने पहले तक प्रदेश में सत्ता पर रहने वाली कांग्रेस के नेताओं द्वारा हर ठेके में भाजपाइयों को मैनेज किया जाता था, अब प्रदेश में सरकार बदलने के बाद निगम के सभी कामों में भाजपाइयों द्वारा कांग्रेसियों को मैनेज किया जा रहा है।*

### निरस्त सफाई ठेके को अब पास करने की तैयारी

**खास बातें**

- जनहित के कामों को छोड़ बाकी सब कर रहे नेतागण
- कमीशन के खेल से पास हो रहे सभी टेंडर के काम
- दोनों दल के पार्षद इस मैनेजमेंट के खेल में शामिल




### लाइट खरीदी में किया गेम

शहर में करीबन 99 लाख रुपए की लाइट खरीदी जा रही है, नियमानुसार इस पूरी खरीदी का एक टेंडर करना था। 50 लाख से अधिक किसी भी टेंडर के लिए एमआईसी की स्वीकृति जरूरी हो जाती। ऐसे में नेताओं के दबाव में अफसरो ने इसका भी रास्ता निकाल लिया और टेंडर को दो हिस्सो में बांट दिया। अब 49-49 लाख के दो टेंडर किए गए, ऐसे में इसकी स्वीकृति एमआईसी से अनिवार्य नहीं रही। इस टेंडर में भी शुरुआती दौर में खूब विरोध देखने को मिला, लेकिन अब सूत्रों की माने तो इसमें भी मैनेजमेंट के खेल ने विरोध के स्वर को दबा दिया है।

### 12-15 वार्ड का ठेका आपस में बांटने पर बनी बात

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार निगम में सफाई ठेके को लेकर चल रहे घमासान को मैनेज करने के लिए भाजपा और कांग्रेस के तीन पार्षदों के बीच बीते दिनों एक बैठक की गई। इस बैठक में चर्चा के बाद यह तय किया गया कि कुल 12 वार्ड पर कांग्रेसी पार्षदों को ठेका दिया जाएगा और शेष सभी ठेके भाजपा अपने लोगों को देगी। इसी का नतीजा है कि अब निरस्त टेंडर को पुर्नविचार के जरिए पास किया जाएगा।

# दवाई छिड़काव करने खेत गए ग्रामीण की करंट लगने से मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

खेत में खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव करने गए ग्रामीण युवक की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। वहीं एक अन्य घटना में घर के सामने रोड पर खेल रहे मासूम को बोलेरो वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छुरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत रविवार को सुबह ग्राम फाफामार निवासी विक्की उर्फ दुर्गेश वैष्णव पिता जगन वैष्णव 32 वर्ष अपने खेत में खरपतवार नाशक दवाई का छिड़काव करने गया हुआ था। इस दौरान वह खेत में करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उक्त घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणों को हुई गांव में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।



### घर के सामने खेल रहे मासूम को वाहन ने रौंदा




कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एक मासूम को एक बोलेरो वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के मुताबिक ग्राम कन्हारपुरी वार्ड क्रमांक 34 निवासी नेत्रांश साहू उम्र लगभग साढे तीन वर्ष 13 जुलाई को शाम लगभग सवा 6 बजे अपने घर के सामने रोड पर खेल रहा था। इसी दौरान बोलेरो पिकअप वाहन का चालक अपने वाहन को ग्राम जंगलेसर की ओर से तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए उक्त मासूम बालक को अपनी चपेट में ले लिया। जिससे बालक को गंभीर अवस्था में उपचार हेतु जिला चिकित्सालय बसंतपुर लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी नरसिंग दास साहू ने दर्ज कराई है। पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। इस घटना से उक्त क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त हो गई है।

## युवक से 83 पौवा देशी शराब बरामद

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने कन्हारपुरी ओवरब्रिज के नीचे युवक से 83 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत 14 जुलाई को मुखबीर की सूचना पर घटनास्थल कन्हारपुरी ओवरब्रिज के नीचे राजनांदगांव में रेड कार्रवाई कर आरोपी विजय ढीमर पिता शंकर ढीमर 19 वर्ष साकिन राहुल नगर अटल आवास लखोली के कब्जे से अवैध रूप से बिक्री हेतु रखे 83 पौवा देशी प्लेन शराब कीमती 7470 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।



## बुलेट चालक के विरूद्ध कार्रवाई

**राजनांदगांव।** दो पहिया बुलेट वाहन में सैंलेंसर मोडिफाईड कर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे वाहन चालक के विरूद्ध पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीम को वाहनों की चेकिंग करने हेतु एमसीपी ड्यूटी लगाई गई थी कि एमसीपी ड्यूटी के दौरान एक बुलेट वाहन के चालक शंकर सोनटेके पिता संजय सोनटेके 20 साल निवासी डोंगरगढ़ द्वारा अपने बुलेट वाहन का सैलेंसर मोडिफाईट कराकर रात्रि में शहर में ध्वनि प्रदूषण फैला रहा था, जिसे पकड़कर मोटरयान अधिनियम की धारा-182-क (4) के तहत कार्रवाई कर अनावेदक चालक से 5000 रुपए समन शुल्क लिया गया।



## घर का ताला तोड़कर नगदी सहित जेवरात चोरी

- बसंतपुर थाना क्षेत्र के महेश नगर में बीती रात की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कौरिनभाठा महेश नगर स्थित एक घर का ताला तोडकर चोरों ने नगदी रकम एवं चांदी के जेवर चोरी कर लिए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कौरिनभाठा महेश नगर के मकान नं. 66 का गत रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर पूरे घर का सामान बिखरा दिया और आलमारियों को तोड़फोड़ कर उसमें रखे नगदी रकम 5 हजार रुपए एवं चांदी के जेवरात 1 थाली, 2 चांदी की प्लेट, एक कटोरी गिलास, चम्मच एवं भगवान श्रीगणेश की मूर्ति, एक सेट लेडिस अमेरिकन घडी एवं सीसीटीवी कैमरे के डिवाईस को चोरी कर ले गए। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी संतोष कुंमार श्रीवास्तव ने दर्ज कराई है।

### घर के सामने से बाईक चोरी

इधर लालबाग थाना क्षेत्र के अंतर्गत इस्कान सिटी रेवाडीह से गत दिवस मकान नं. 89 के सामने से खड़ी बाईक अपाचे को अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। घटना की रिपोर्ट प्रार्थी प्रशांत पटेल ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामले की जांच की जा रही है।

### राहगीरों के लिए भी दिक्कत का कारण बन रहे आवारा श्वान

# शहर में आवारा कुत्तों का आतंक, टेंडर नहीं होने से अटकी बधियाकरण की प्रक्रिया, हादसे का खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव


शहर में इन दिनों आवारा श्वानों की संख्या बढ़ती जा रही है। हर गली-मोहल्ले में दर्जनों की संख्या में आवारा कुत्ते मंडरा रहे हैं। कई क्षेत्रों में कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। इनकी संख्या नियंत्रित करने के लिए नगर निगम द्वारा टेंडर प्रक्रिया कर बधियाकरण का कार्य किया जाता है, लेकिन बीते कुछ समय से टेंडर प्रक्रिया नहीं होने के चलते आवारा कुत्तों की संख्या बढ़ती जा रही है।

जिसके चलते यह कुत्ते अब हिंसक हो रहे हैं और लोगों पर हमले भी कर रहे हैं। सुबह सैर पर निकलने वाले लोगों सहित देर रात घर लौटने वालों पर अक्सर आवारा कुत्तों का हमला देखा जाता है। कुत्तों की संख्या नियंत्रित नहीं होने के चलते यह श्वान अब शहर के कई क्षेत्रों में झुंड में नजर आ रहे हैं।

### खत्म हो गया टेंडर

वार्षिक टेंडर के जरिये आवारा श्वानों की नसबंदी नगर निगम द्वारा कराया जाता है। अभी टेंडर खत्म हो गया है। फिर से टेंडर करने की कार्रवाई की जा रही है।

**- राजेश मिश्रा,** प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी



### लोगों को बना रहे निशाना

बारिश के दिनों में शहर के कई क्षेत्रों में आवारा कुत्तों के बढ़ते हमले की वजह से लोगों में दहशत का माहौल है। शहर के नंदई, लखोली, कन्हारपुरी, बसंतपुर, तुलसीपुर, स्टेशनपारा, नवागांव, नया ढाबा जैसे क्षेत्र में आवारा कुत्ते अक्सर लोगों पर हमला करते हैं।

### अब तक नहीं हुआ वार्षिक टेंडर

आवारा कुत्तों की संख्या नियंत्रण के लिए नगर निगम द्वारा टेंडर के माध्यम से प्रशिक्षित डॉक्टर के जरिये नसबंदी प्रक्रिया संपन्न कराई जाती है। जिसके लिए आवारा कुत्तों को शहरभर से पकड़कर नसबंदी करनी होती है, लेकिन इस वर्ष अब तक वार्षिक टेंडर नहीं होने की वजह से कुत्तों की नसबंदी प्रक्रिया अटकी हुई है। जिसके चलते इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

### झुंड से खतरा

देर रात कार्य से घर लौटने वाले लोगों को अक्सर इन आवारा कुत्तों का सामना करना पड़ता है। कई बार यह कुते मोटर साइकिल पर जा रहे लोगों के पीछे पड़ जाते हैं तो वहीं पैदल चलने वालों पर हमला भी कर देते हैं। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या की वजह से शहर में कुत्ते अब झुंड में नजर आने लगे हैं।

RUNGTA EDUCATIONAL FOUNDATION | R1
EXPERIENCE EDUCATION BEYOND BOUNDARIES
Study
• BCA • MCA
• BBA • MBA
• B.Com
Our Major Recruiters
AXIS BANK
ICICI Bank
tcs
wipro
90161 13333

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
डॉ. कल्याण श्याम वझलवार
हमारी बाल चिकित्सा देखभाल और सेवाएं
• टीकाकरण
• नेबुलाइजेशन
• ओ.पी.डी. (बाह्य रोगी विभाग)
• आई.पी.डी. (इनपेशेंट विभाग)
• CPAP सतत सकारात्मक वायुमार्ग दबाव चिकित्सा
• वेंटिलेटर
• एन.आई.सी.यू. नवजात गहन चिकित्सा इकाई
• पी.आई.सी.यू. बाल चिकित्सा गहन चिकित्सा इकाई
• बिलीकेयर टेस्ट गैर इनवेसिव बिलीरूबिन मापक
• ओटोअकॉस्टिक एमिशन टेस्ट (OAE)
• नवजात बच्चों की सुनने की क्षमता के लिए जांचें
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### सरकार की नीति से स्थानीय लोगों को नुकसान



**डोंगरगढ़।** पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने कहा है कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कमीशन खोरी समाप्त करने सीएसआईडीसी के तहत उद्योग नीति बनाया था। इस नीति में स्थानीय व्यापारियों को मौका दिया जाता था और स्थानीय लोगों को रोजगार मिल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि अब राज्य सरकार ने बाहरी भाजपाइयों और गुजरात के उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने जेम पोर्टल शुरू करने का निर्णय लिया है। इस पोर्टल से स्थानीय रोजगार संकट में आ जाएगा साथ छोटे उद्योग, व्यापारियों और कुटीर उद्योगों को नुकसान होगा।

### फसल बीमा की मियाद आगे बढ़ाने की मांग



**डोंगरगांव।** जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु ने पटवारियों की हड़ताल को देखते हुए फ़सल बीमा कराने की मियाद को आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब तक अल्प वर्षा के हालात बने हुए है। अपेक्षित बारिश नहीं होने के बाद बहुसंख्यक किसान अब तक न बोनी कर पाए हैं और न खेतों में रोपा लगा है। किसानी कार्य में लगातार विलंब होने से किसान भविष्य को लेकर चिंतित है वहीं पटवारियों की हड़ताल के चलते दस्तावेज के आभाव में किसान अब तक फ़सल का बीमा नहीं करा पाए है। बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा हड़ताल के लंबा चलने पर बड़ी संख्या में किसान फ़सल बीमा कराने से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने किसान के व्यापक हितो को देखते हुए फ़सल बीमा कराने कि अंतिम तिथि को आगे बढ़ाने की मांग राज्य सरकार से किया है।

### महिलाओं ने किया पौधरोपण




**डोंगरगढ़।** शक्ति वाहिनी की महिलाओं ने रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर में आम, आंवला, करंज, बेल गुलमोहर, अमरूद, जामुन आदि के लगभग 50 पौधे लगाए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर थे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, संतु राव, प्रिंस कक्कड़, वैशाली देशकर, ज्योति बड़वाईक, नमिता चौबे, सविता साहू, सीमा मिश्रा, अंजू चौधरी, ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, रीना रगड़े, सुनीता बघेल, निर्मला त्रिपाठी, मीना यादव, गीता मानिकपुरी, शारदा भोंडे, सपना, रिया साहू, पूजा उजवने, रमा, श्वेता सहित अन्य मौजूद थी।

### खेतों में आने लगी दरारें, पीले पड़ रहे धान के पौधे

# फसलों पर छाए संकट के बादल

## अल्पवर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अषाढ़ माह गुजरने में अब हफ्ते भर का समय शेष है। खरीफ फसलों के लिए अभी तक अपेक्षित बारिश नहीं हुई है। नदी, नाला, तालाब सूखे हुए हैं। अषाढ़ माह में किसानों को झमाझम बारिश की आश रहती है।

ताकि कृषि कार्य सुविधाजनक हो सके। क्षेत्र में अल्प और खंड वर्षा के कारण संकट के बादल मंडराने लगे है। बारिश में कमी और तापमान अधिक होने से धान के पौधे झुलस कर पीले पड़ने लगे है। किसानों को धान का रोपा लगाने तथा धान रोपाई के बाद भी खेतों में नमी बनाए रखने में खासा परेशानी होना पड़ रहा है।

दूसरी ओर जल स्तर में कमी, लो वोल्टेज और विद्युत कटौती से बोर भी जवाब देने लगे है। बारिश कम होने के बाद खेतों में दरारें आने लगी है। यही स्थिति कुछ दिन और रही तो खरीफ फसल के उपज पर गहरा प्रभाव पड़ने की आशंका है।



### खाद के दाम बढ़े

किसानों को मांग के अनुसार खाद उपलब्ध कराने का दावा जरूर किया जा रहा है किन्तु सोसायटियों ने खाद का अभाव बना हुआ है। खाद की कमी का सीधा फायदा व्यापारी उठाते हुए ऊंचे दाम पर बेच रहे हैं। 1350 रूपए कीमत वाली डीएपी खाद 16 सौ से 1650 में बेचा जा है। 266 रुपए वाली यूरिया 300 से 350 रुपए में बिक रही है। पोटास भी निर्धारित मूल्य से अधिक में बेचा जा रहा है।

### फसल बीमा शुरू

किसानों की फसल को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब तक काफी कारगर साबित हुई है। इस सप्ताह से बीमा के फार्म जमा होना शुरू हो गया है। पंजीकृत किसान सोसायटी या आनलाईन निर्धारित दस्तावेज के साथ फार्म जमा कर सकते हैं। कृषि अधिकारी मोहित बजरंग ने मौसम को देखते हुऐ सभी किसानों को फसल बीमा करवाने की अपील किया है।

### टमाटर की खेती पिछड़ी

क्षेत्र के एक बड़े रकबा में किसान टमाटर की खेती करते हैं। बारिश की कमी और मौसम गर्म होने से टमाटर के पौधे खेतों में नहीं लग पा रहे है। किसानों ने बताया कि अषाढ़ माह में 80 फीसदी बोनी जाती थी किन्तु अब तक लगभग तीस फीसदी बोआई हो पाई है। किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से खेतों से नमी गायब है।तापमान अधिक होने से पौधे झुलस रहे है तथा बढ़वार नहीं हो पा रहा है। टमाटर की नर्सरी में पौधा तैयार हो चुके हैं। मौसम के अनुकुल होते ही रोपण तेजी से होने लगेगा।

# लापरवाह शिक्षकों को थमाया नोटिस, कार्रवाई ठंडे बस्ते में



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद स्कूलो में समय पर नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही होने से हड़कंप मच गया है। पिछले 10 दिनों में विभिन्न स्कूलो में बिना जानकारी के गायब, समय पर स्कूल नहीं आने और समय से पहले स्कूल से गायब होने अलावा नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले शिक्षको के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही हुई है। इस कार्यवाही के बाद लगभग एक दर्जन शिक्षकों को नोटिस जारी कर अवैध उगाही करना भी शुरू हो गया है। राजनीतिक दबाव एवं ऐसे षिक्षकों से राशि की डिमांड कर मामले को रफा दफा कर शिक्षकों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिक्षकों को नोटिस

विकासखंड षिक्षा अधिकारी बिरेन्द्र गरचा ने शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने की शिकायत के बाद नोटिस जारी किया है। शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए अधिकारियों को जानकारी देने की बात कही है। उन्होंने शिक्षको की उगाही की शिकायत को गलत बताया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों पर कार्यवाही के बाद वह राजनीतिक एप्रोच लगाकर खुद को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और उगाही की बात फैलाकर शिक्षा विभाग को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### नोटिस के बाद कार्रवाई नहीं

कितने षिक्षको पर कार्यवाही की गई है, इसका खुलासा विभाग ने अब तक नहीं किया है। नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले षिक्षकों पर कार्यवाही करने के बजाय केवल नोटिस थमाने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। जबकि ऐसे शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। बीईओ बिरेन्द्र गरचा ने बताया कि जेडी कार्यालय दुर्ग द्वारा की गई कार्यवाही के अनुरूप लगभग 8 लोग एवं स्थानीय षिक्षा कार्यालय के तहत 6 लोगो को गैर हाजरी, समय पर उपस्थिति नहीं होने, नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है। इस मामले में उच्च अधिकारी द्वारा नियमतः कार्यवाही किया जाएगा।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर अत्याचार, युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

बलौदा बाजार घटना की निंदा करते हुए युवा कांग्रेस ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। प्रदेश महासचिव अनिमेष सिंह, जिला अध्यक्ष गुलशन तिवारी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपते हुए युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि उस आंदोलन में संगठन के किसी भी पदाधिकारी ने शासकीय संपत्तियों को नुकसान नहीं पहुंचाया है लेकिन पुलिस षडयंत्र पूर्वक कार्यकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर कर अत्याचार कर रही हैं। बलौदा बाजार की घटना पर सरकार सकारात्मक कार्रवाई नहीं करती है तो प्रदेश युवा कांग्रेस और प्रदेश एनएसयूआई के नेतृत्व में उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सुमित जैन, अरुण भारद्वाज, दीपक देवांगन, तेजराम वर्मा, गौकरण जंघेल, जिला उपाध्यक्ष नदीम मेमन, शहर अध्यक्ष सोनू ढीमर, मोहित भोंडेकर, रिंकू गुप्ता, अशरफ सिद्दीकी, सौरभ साहू, यतेंद्रजीत सिंह, सूरज देवांगन वासु सिंह जयंत वर्मा सचिन साहू, पंकज साहू, वेदू वर्मा, डाकेश वर्मा, हमेश वर्मा, प्रदीप वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

### खनिज के बेजा दोहन को संरक्षण

जिले में खनिज विभाग के संरक्षण पर अवैध ईट भट्ठों का संचालन, अवैध मुरूम खनन, बिना रॉयल्टी के रेत गिट्टी का परिवहन सहित अवैध रूप से संचालित गिट्टी खदान के खिलाफ शिकायत करने के बावजूद किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने, युवाओं को नशे के गिरफ्त में धकेलने आबकारी विभाग द्वारा विभिन्न ग्रामों में नई कंपोजिट दुकान खोलने की जानकारी मिलने पर शिकायत करने पर प्रशासन पर वाजिब जवाब नहीं देने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दिया कि अगले 24 घंटे के भीतर जवाब नहीं मिलता है तो युवा कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे।

# थम नहीं रहा जमीन हड़पने का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे और समुदाय के बीच बढ़ रहा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। इस मामले को प्रशासन गंभीरता से नहीं लिया तो गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के 4 से 5 वार्डो में दो समुदाय के बीच शासकीय जमीनों पर कब्जा कर बिना अनुमति निर्माण कराने की होड लगी हुई है। वार्ड 20 भुरवाटोला के शीलता मंदिर में झंडा लगाने के विवाद को एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन ने शांत कराने में सफलता तो हासिल कर लिया है किन्तु पिछले एक सप्ताह से वार्ड 3 काली मंदिर के पास प्राचीन तालाब को पाटकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त तालाब में रोजाना सामाजिक झंडा लगाकर तेजी से पाटा जा रहा है। इस मामले को कुछ कर्मचारियों का संरक्षण मिला हुआ है।



### कार्रवाई के बाद लापरवाही

हाल ही में खैरागढ़ रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग से तहसीलदार ने करोड़ोके अतिक्रमण को तोड़कर शासकीय जमीन को मुक्त कराया था। शहर के अन्य स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी तहसील कार्यालय एवं नगर पालिका को दी गई थी किन्तु अधिकारियों के गंभीरता से नही लेने के कारण वार्ड में रोजाना विवाद की स्थिति बनने लगी है। यह विवाद आने वाले समय में गंभीर मसला बन सकता है। जानकार बताते है कि उक्त जगह में दो समुदाय सामाजिक भवन बनाने की तैयारी कर चुके हैं।

# किसानों के लिए बने सलाहकार भवन को बनाया बसेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी

ग्राम में बने कृषक सलाहकार सूचना केंद्र भवन का उपयोग व्यक्तिगत हित करने का खुलासा हुआ है। इस संबंध में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने के बाद भवन को खाली कराया गया है।




जानकार के अनुसार उक्त भवन का निर्माण कृषकों को कृषि संबंधी जानकारी देने, प्रशिक्षण देने आदि के लिए 10 वर्षों पूर्व कराया गया था। भवन का ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा लगातार दुरूपयोग किया जा रहा था। ग्राम के एक परिवार को निवास करने 14 महीने तक दिया गया था। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने के बाद 5 फरवरी 2024 को भवन खाली कराया गया। इसकी शिकायत पंचायत ने कलेक्टर से किया था। कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे किन्तु उपसंचालक ने कार्यवाही न करते हुए चार सदस्यीय जांच दल का गठन कर दिया था। जांच दल ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कथन दर्ज किया था। ग्रामीणों ने अपने बयान में पन्नालाल पटेल आ महादेव पटेल के जनवरी 2023 से 5 फरवरी 2024 तक भवन में परिवार सहित निवास करने की पुष्टि किया था।

### सवालों के घेरे में प्रतिवेदन

जानकारी के अनुसार दोषी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को विभाग बचाने में लगा है। जाँच दल ने तथ्यों को तोड़ मरोड़ करते हुए अपने प्रतिवेदन में सामान रखने हेतु देने का उल्लेख किया है। जबकि ग्रामीणों ने अपने बयानों में स्पष्ट उल्लेख किया था कि उक्त भवन में परिवार सहित निवास करता था। संबंधित व्यक्ति ने भी परिवार सहित निवास करना स्वीरकार किया था। जांच दल ने गलत जांच प्रतिवेदन उपसंचालक कृषि को प्रस्तुत किया जिसके बाद उपसंचालक ने खानापूर्ति करते हुए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 10 (एक) के तहत परिनिन्दा की शस्ती अभिरूपित करते हुए सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने का आदेश 5 जुलाई को दिया।

### खिला ब्रम्ह कमल



**सड़क अतरिया।** चकनार निवासी सेवानिवृत शिक्षक बंशीलाल जंघेल के निवास पर शनिवार को ब्रम्ह कमल खिला। यह पुष्प देव पुष्पों में से एक तथा दूर्लभ है। ऐसी मान्यता है कि इस पुष्प को भगवान पर अर्पण करने से मनोकामना पूर्ण होती है। यह कमल मध्य रात्रि को ही खिलता है।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

## हरियाली के लिए बच्चे और ग्रामीण आ रहे आगे

# वन महोत्सव में पौधारोपण पर जोर





हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्राथमिक शाला जुझारा में वन महोत्सव के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व जनपद अध्यक्ष आनंद सिंहा ने वन महोत्सव पर प्रकाश डाला। प्रेम लाल साहू ने पौधा लगाने के लिए सभी को प्रेरित किया। रेंजर कुरैशी ने वनों का महत्व बताया। एबीईओ जीके सुधाकर जीवन में पेड़ के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में बलदाऊ जंघेल, रामभरोसा मरावी, राजूदास मानिकपुरी, संजीव ध्रुव, मोहित धुर्वे, योगेश कोर्राम ने अपने विचार व्यक्त किया। इस मौके पर श्री चनाप, श्री श्रत्रिय, सुखनंदन यादव, चोवा, चन्देश विश्वकर्मा, राम, मुकेश साहू, प्यारेलाल वर्मा, लालसिंह साहू, उदासिया बाई, सुकेनबाई, शांतिबाई, अग्निबाई, राजबाई, श्री मरावी, म राम मरावी आदि मौजूद थे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान का आयोजन

**छुरिया।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वनमंडल अधिकारी आयुष जैन, उपवन मंडल अधिकारी योगेश कुमार साहू के निर्देशन और वन परिक्षेत्र अधिकारी बागनदी अनिल बम्बाडे की अगुवाई में स्वामी आत्मानंद स्कूल, प्राथमिक शाला घोघरे, एटमेटा, कुमर्रा छुरिया, गैंदाटोला, जोब, सहित अन्य स्कूलों में पौधरोपण किया गया। बोइरडीह, शिकारी महका, तेंदुटोला, घुपसाल, दीवानटोला, कल्लूटोला आदि गांवों में निःशुल्क पौधा वितरण किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी श्री बम्बाडे ने क्षेत्र वासियों से अभियान में शामिल होकर धरती को हरा भरा बनाने में योगदान देने का आव्हान किया है। इस अवसर पर प्राचार्य धनेश सिंहा, श्री खिलाड़ी, श्री कुरैशी, डिप्टी रेंजर कृष्ण कुमार सोनी, विक्रम ठाकुर, आदिल अहमद, कय्यूम खान, चंदुलाल हरदेव, लोकेश सलामे, रोशन साहू, रवि परसाई, सोनिया देवी, हरेंद्र ठाकुर आदि उपस्थित थे। यह जानकारी हारुन मानिकपुरी ने दी।

### कानूनी जानकारी देने कार्यक्रम आज

**ठेलकाडीह।** स्थानीय कॉलेज में पुलिस प्रशासन एवं रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन कल 15 जुलाई को किया गया है। इस मौके पर पुलिस कप्तान आईपीएस त्रिलोक बंसल उपस्थित रहेंगे। छात्र-छात्राओं को नए कानून एवं साइबर संबंधी जानकारी दिया जाएगा।

### शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित

**खैरागढ़।** ब्लाक के बाजार अतरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में नवगठित शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक अध्यक्ष कमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान अध्यक्ष कमल शर्मा ने समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को स्कूल के विकास व गुणवत्ता को लेकर उनके उत्तरदायित्व की जानकारी देते हुए सभी से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देकर स्कूल का नाम जिला और प्रदेश स्तर पर भी आगे करने सहयोग प्रदान करने कहा। अध्यक्ष कमल शर्मा सहित सदस्यों ने शाला स्टाफ को अपना परिचय दिया और उनसे परिचय लिया। बैठक में स्कूल की मूलभूत समस्या बाउंड्रीवाल नही होना, कमरों की कमी, प्रायोगिक कक्ष जैसे मुद्दों पर अधिकारियों व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से मिलकर समस्या अवगत कराने का प्रस्ताव लिया गया। शिक्षकों को समय पर उपस्थित होकर अध्यापन कराने कहा गया। बैठक में प्राचार्य रामकुमार बक्शी, आशीष ताम्रकार, ईश्वर वर्मा, सतीश जैन, सुनीता गुप्ता, कुमन उपस्थित थी।

गायत्री प्रा. आई.टी.आई
ITI RAJNANDGAON
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
गायत्री एजुकेशन कैम्पस,
ग्राम पदुमतरा जिला - राजनांदगांव
81090-28740 • 89595-44444

## खबर संक्षेप



### बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा आयोजित

**मोहला।** मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में 14 जुलाई को बीएससी नर्सिंग 2024 प्रवेश परीक्षा, छत्तीसगढ़ व्यापम के निर्देशानुसार आयोजित हुई। जिला कलेक्टर एस जयवर्धन के दिशा निर्देशन में जिला नोडल अधिकारी अविनाश ठाकुर एवं जिला समन्वयक पुरुषोत्तम लाल साहू के नेतृत्व में जिले के दो परीक्षा केंन्द्रों सेजेस मोहला एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रेंगाकठेरा में बीएससी नर्सिंग प्रवेश परीक्षा संपन्न हुई। इस प्रवेश परीक्षा के लिए 619 परीक्षार्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था। जिसमें से 337 परीक्षार्थी परीक्षा में उपस्थित हुए एवं 282 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल ने 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर ने जिले के सभी देशी मदिरा एवं विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानों तथा रेस्टोरेंट बार, होटल, बार, क्लब, मद्य भंडारण-भांडागार को सम्पूर्ण दिवस बंद रखने के आदेश दिए हैं।

---

विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं शिकायतें मिली

# बकरकट्टा में जनसमस्या निवारण शिविर, 253 आवेदन में 36 निराकृत

## जनहितकारी योजनाओं की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के उद्देश्य से आयोजित छुईखदान ब्लाक के सुदूर वनांचल बकरकट्टा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर मे विभिन्न विभागों की समस्या शिकायत को लेकर 253 आवेदन मिला जिसमे 36 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

शिविर का शुभारंभ छग महतारी की पूजा अर्चना और राष्ट्रपिता के तैलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर की गई। शिविर स्थल पर सभी विभागों द्वारा अपने-अपने विभागों में संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान व सिकल सेल कार्ड और उद्यानिकी विभाग द्वारा हाइब्रिड सब्जी बीज का वितरण किया।

पीवीटीजी हितग्राहियों को मनरेगा योजना से भूमि सुधार कार्य का स्वीकृति आदेश सहित एक-एक पौधा दिया गया। खाद्य विभाग द्वारा राशन कार्ड, राजस्व विभाग द्वारा जाति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।



### लोगों की दिक्कत कम करने सरकार का प्रयास

जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा की कोई भी समस्या होने पर लोगों को बार-बार खैरागढ़ या छुईखदान जाना पड़ता था, जिससे दिक्कत होती थी इसलिए जिले के दोनों ब्लाक में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने सभी लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने कहा। पूर्व विधायक कोमल जंघेल ने कहा कि विष्णुदेव सरकार की सोच है कि प्रत्येक नागरिक की समस्याओं का निराकरण शिविर के माध्यम से किया जाए। जन समस्या निवारण शिविर में आम जनता के बीच पहुंचकर उनकी मांगों व समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करने का कारगर माध्यम है। शिविर में जनप्रतिनिधियों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया और हितग्राहियों को मिल रहे लाभ के संबंध में जानकारी ली। अपर कलेक्टर प्रेम कुमार पटेल ने अतिथियों का आभार प्रकट किया। शिविर में राजस्व, पशु चिकित्सा, कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, स्वास्थ्य, आयुष विभाग, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, श्रम, जल संसाधन, बैंकर्स, आबकारी, सहकारिता, आदिम जाति कल्याण, खाद्य नागरिक आपूर्ति, लोक निर्माण विभाग , विद्युत, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभाग द्वारा स्टॉल लगाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई और विभागीय योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया।

### समस्या निराकरण के लिए शिविर बेहतर माध्यम

शिविर आयोजन को शासन का महत्वपूर्ण कार्यक्रम बताते हुए कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने कहा कि शिविर में अधिकारी स्वयं पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण करने का प्रयास करते है। कई बार लोग अपनी समस्याओं को लेकर जिला कार्यालय जाते लेकिन अधिकारी काम मे व्यस्तता या अवकाश में रहने के कारण नहीं मिल पाते। यह अच्छा अवसर है इसके माध्यम से अपनी मांगो और समस्याओं को प्रशासन के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। तत्कालिक निराकरण हो सकने वाले आवेदनों के अलावा अन्य मामलो के कुछ आवेदनों का शासकीय प्रक्रियाओं का पालन करते हुए निराकरण किया जाता है। इस दौरान जिपं सभापति व जिला भाजपाध्यक्ष घम्मन साहू, जनपद अध्यक्ष छुईखदान नीना ताम्रकार, एसपी त्रिलोक बंसल, डीएफओ आलोक तिवारी, संयुक्त कलेक्टर सुरेंद्र ठाकुर, एसडीएम छुईखदान रेणुका रात्रे, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष छुईखदान खम्हन ताम्रकार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक व विभागीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

---

# जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर के लिए तिथि निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशन और मार्गदर्शन में आमजनता की समस्याओं को सुनने और शिविर स्थल पर ही निराकरण करने के लिए जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित होकर आमजनता की समस्याओं को सुनने के साथ ही शिविर स्थल पर ही निराकरण करने की कार्यवाही करेंगे। शिविर का आयोजन जिले के अंतर्गत आने वाले विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायतों में किया जायेगा। निर्धारित तिथि और स्थान के अनुसार विधानसभा क्षेत्र मोहला-मानपुर के मदनवाड़ा में 20 जुलाई को शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी प्रकार 16 अगस्त को मानपुर के ग्राम पंचायत भर्रीटोला में, 14 सितंबर को मानपुर के ग्राम पंचायत खड़गांव में, 27 सितंबर को मोहला के ग्राम पंचायत भोजटोला में, 18 अक्टूबर को मानपुर के ईरागांव में, 26 अक्टूबर को मोहला के मोहभट्टा में, 8 नवंबर को मानपुर के ग्राम पंचायत ढब्बा में, 13 दिसंबर को मानपुर के ग्राम पंचायत हथरा में, 27 दिसंबर को मोहला के ग्राम पंचायत दनगढ़ में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार जिले के में आने वाले विधानसभा क्षेत्र खुज्जी के अंतर्गत 26 जुलाई को ग्राम पंचायत चिल्हाटी में, 24 अगस्त को ग्राम पंचायत आमाटोला में एवं 29 नवंबर को ग्राम पंचायत भनसुला में जिला स्तरीय जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का आयोजन प्रातः 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर एस जयवर्धन ने सभी जिला स्तर के अधिकारियों को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में उपस्थित होकर आमजनों की समस्याओं को सुनने और यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण करने के निर्देश दिए हैं।

---

## अब कांग्रेस के निशाने पर पालिका उपाध्यक्ष अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान आज

**डोंगरगढ़।** पालिका अध्यक्ष सुदेष मेश्राम के खिलाफ जाए गए अविश्वास प्रस्ताव के गिरने के बाद कांग्रेस ने पालिका उपाध्यक्ष उमा महेष वर्मा को हटाने की तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस ने उन्हे हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव लाया है जिसकी प्रक्रिया कल 15 जुलाई को होगी। उल्लेखनीय है कि वर्मा को कांग्रेस ने पालिका उपाध्यक्ष बनाया था। उन्होंने पाला बदलते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लिया था। जानकारी के अनुसार अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को लेकर प्रक्रिया अपनाया गया था वही प्रक्रिया उपाध्यक्ष पद को लेकर भी होगी। अनुविभागीय अधिकारी आरआर वर्मा 11 बजे से पूरी प्रक्रिया चालित करेंगे। जानकारी के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव को लेकर मंडल भाजपा की बैठक हुई है वही कांग्रेस खेमा शांत है। भाजपा अपने 12 और 2 निर्दलीय पार्षदों के साथ मजबूत दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि भाजपा अविश्वास प्रस्ताव को नाकाम करने में सफल होगी।

---

# भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों की एसपी ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

एसपी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एसपी त्रिलोक बंसल ने भारतीय न्याय संहिता के प्रावधानों से अगवत कराया।

एएसपी नेहा पांडये, एसडीओपी लालचंद मोहले, डीएसपी प्रदीप येरेवार, एडीपीओ देवेन्द्र ध्रुव की मौजूदगी मे आयोजित कार्यशाला में एसपी त्रिलोक बंसल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिता, भारतीय न्याय संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के संबंध में पत्रकारों को नवीन आपराधिक कानून के प्रभावी क्रियान्वयन और प्रावधानों की जानकारी देते हुए जागरूक किया।

अधिकारियों ने सेमीनार के दौरान नवीन कानूनों के बारिकियों के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान के नवीन कानून में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को विशेष महत्व की श्रेणी में मानते हुए इसके लिए पृथक से अध्याय रखा गया है।



पूर्व के कानून में अपराधियों के जेल जाने का प्रावधान था किन्तु वर्तमान के नवीन न्याय संहिता में अपराधियों से सामुदायिक सेवा कराए जाने के संबंध में नवीन प्रावधान जोड़ा गया है और लोगों के वाणी की स्वतंत्रता के अधिकार में वृद्धि की गई है। वर्तमान में अपराध पंजीबद्ध होने पर विवेचना के दौरान अब अनिवार्य रूप से घटना स्थल पर गवाहो का कथन, वीडियोग्राफी एवं एफएसएल रिपोर्ट प्राप्त कर प्रकरण में संलग्न किया जाना पुलिस के अनिवार्य किया गया है ताकि अपराध विवेचना पूरी तरह डिजिटलाइजेशन से हो जाए।

### कोर्ट में न्याय पाने विलंब पर लगेगा अंकुश

वैवाहिक जीवन बाद पत्नि द्वारा पति के विरुद्ध रेप का अपराध अब पत्नी के नाबालिग 18 साल से कम होने के स्थिति में ही माना जाएगा। उपरोक्त नवीन कानूनों में न केवल पुलिस बल्कि न्यायालय कार्य के समय सीमा निर्धारित की गई है, जिससे पूर्व में न्यायालयों मे प्रकरण निराकरण में होने वाला अत्यधिक विलंब समाप्त हो सके। एएसपी नेहा पांडेय ने बताया कि वर्तमान नवीन कानून में सबसे पहला स्थान महिलाओं एवं बच्चों के साथ हुए अत्याचार को देकर उनके गौरव को प्रस्थापित करने का काम किया है। जिला पुलिस बल में पदस्थ समस्त विवेचक स्तर के अधिकारियों को नवीन कानूनों के प्रति जागरुकता लाने के लिए लगातार विभिन्न सेमीनार व प्रशिक्षण के माध्यम से सक्षम बनाया जा रहा है। कार्यशाला मे साइबर प्रभारी टैलेश सिंह, नक्सल सेल, डीएसबी सहित अधिकारी/कर्मचारी जिले के मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

---

## नपा अमला उतरा सड़कों पर, सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**खैरागढ़।** शहर में लगातार गड़बड़ाती सफाई व्यवस्था को सुधारने नगर पालिका का पूरा अमला सड़क पर उतरा। सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सफाई अपनाओं, बीमारी भगाओं अभियान तहत नगर पालिका के अधिकारियों ने शहर की सड़कों की सफाई, जीवीपी पॉइंट का निरीक्षण किया। विभिन्न चौक चौराहों में पहुंचकर दुकानदारों, होटल मालिकों को कचरा प्रबंधन व्यवस्था की समझाइश देते हुए सडक़ों पर कचरा नहीं फेंकनें, कचरा एक साथ एकत्रित कर नगर पालिका के सफाई वाहनों में देने कहा। अभियान के तहत समझाइश देने निकले सीएमओ प्रमोद शुक्ला ने पालिका के सफाई संबंधित स्टोर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था बेहतर बनाने का निर्देश दिए। इस दौरान स्वच्छता प्रभारी निरीक्षक टोडर सिंह, पीआईयू शरद पांडेय और सफाई कर्मी मौजूद थे। गौरतलब है कि शहर में बारिश शुरू होने के बाद पखवाड़े भर से डोर टू डोर सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। सफाई व्यवस्था में इस्तेमाल हो रही इलेक्ट्रॉनिक रिक्शा के खराब होने के चलते वार्डों में नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। रोज घर घर पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियां भी वाहन की कमी के चलते हर वार्ड मे रोज घरों तक नही पहुंच पा रही है।

---

## आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति

**राजनांदगांव।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत तहसील डोंगरगांव एवं राजनांदगांव तहसील के आपदा प्रभावितों को सहायता अनुदान राशि की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। इसके तहत डोंगरगांव तहसील अंतर्गत आग से जनहानि होने पर 1 लाख रुपए तथा राजनांदगांव तहसील अतिवृष्टि से 7 मकान आंशिक क्षति होने पर 28 हजार रुपए, तालाब में डूबने से 1 जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, आग से मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई

---

# कलेक्टर, एसपी और डीएफओ मलईदा गांव पहुंचकर वाटरशेड प्रबंधन का लिया जायजा

## 33 कूपों में वाटरशेड मैनेजमैंट का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले के वन परिक्षेत्र खैरागढ़ अंतर्गत मलईदा के आरक्षित वन कक्ष क्रमांक आरएफ 262 के घने जंगलो में पैदल चलकर वाटरशेड मैनेजमेंट कार्य अंतर्गत निर्मित मृदा व नमी संरक्षण विकास कार्य का कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल और डीएफओ आलोक तिवारी ने जायजा लिया। डीएफओ तिवारी ने बताया कि यहां 267 हेक्टेयर क्षेत्र को 5 भागों में विभाजित कर चोटी से घाटी रिज टू वैली दृष्टिकोण अवधारणा से मृदा व नमी संरक्षण कार्य कराया गया है। इसके अंतर्गत स्थल की उपयुक्तता को देखते हुए निर्मित विभिन्न संरचनाओं जैसे डब्ल्यूएटी जल अवशोषण टैंक, सीसीटी निरंतर समोच्च खाइयां, एससीटी स्टेपर्ड समोच्च खाइयां, समोच्च पत्थर बांध, नालों में निर्मित संरचना जैसे बोल्डर चेक डेम, गुल्ली प्लग, ब्रशवुड चेकडेम, सेप्टा जैसे कुल 33 कूपों में वाटरशेड मैनेजमैंट का कार्य कराया गया है। चोटी से घाटी रिज टू वैली परिकल्पना अनुसार पानी की एक-एक बूंद को सहेजना होता है इसमें पानी के बहाव को ध्यान में रखकर उसे संरक्षित करने की तैयारी की जाती है। वाटरशेड मैनेजमैंट वर्क में जीआइएस और सिविल इंजीनियरिंग के सिद्धांतों व तकनीकों के इस्तेमाल किया गया है।



### जल, जमीन बुनियादी आवश्यकता

डीएफओ आलोक तिवारी ने कहा कि जल जमीन प्राकृतिक संसाधन हैं जो जीवन के अस्तित्व के लिए बुनियादी आवश्यकता हैं और इन्ही दो महत्वपूर्ण कारको का उचित प्रबंधन जीवन की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए सबसे जरूरी है। इसके प्रबंधन से जमीन में उर्वरता और ज्यादा समय तक नमी बनी रहेगी, ग्राउंड वाटर लेबल बढ़ेगा। भूमि का कटाव रुकेगा और बारिश का पानी जो बहकर नदी नालों के माध्यम से समुद्र में चला जाता था उसे रोकने में कारगर सिद्ध होगा। इससे वन क्षेत्र के लोगों को रोजगार मिल रहा जबकि जल संरक्षण कार्य से ग्राम मलईदा, सांकरी, लिमऊटोला सहित जंगल गातापार क्षेत्र के लोगों को लाभ होगा। कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा ने भू-जल संरक्षण के लिए वन विभाग के प्रयास को बेहतर बताया। इस दौरान एडीओ मोना माहेश्वरी सहित वनकर्मी व पुलिस जवान भी मौजूद थे।

---

## जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कापी, पुस्तक का वितरण

# जीवन में सफलता की एकमात्र कुंजी शिक्षा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

शिक्षा के क्षेत्र कार्यरत संस्था इकरा फाउंडेशन ने डॉ. पदुमलाल पुन्नालाल बक्शी शाला के विज्ञान भवन में सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे मुस्लिम समाज के 143 जरूरतमंद बच्चों को निःशुल्क कॉपी, पुस्तक का वितरण किया। सिविल अस्पताल में पदस्थ दंत चिकित्सक डॉ.अनम फातिमा के मुख्य आतिथ्य सहित फाउंडेशन के फाउंडर मेंबर व नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान, फाउंडेशन अध्यक्ष खलील क़ुरैशी, फारुख मेमन, जामा मस्जिद सदर अरशद हुसैन, समसुल होदा खान, मो याहिया नियाज़ी, सदर इमाम खान, हाज़ी रिजवान मेमन, रियाजुद्दीन कादरी, हाजी जाहिद अली, हाजी मुर्तजा खान, शबाना बेगम व जहीन खान के आतिथ्य मे आयोजित कार्यक्रम में कक्षा पहलीं से बारहवीं तक के छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया।



### मोबाईल से बचे बच्चे

मुख्य अतिथि डॉ. अनम फातिमा ने बच्चों से कहा कि जीवन में सफलता की एकमात्र कुंजी शिक्षा को बताते हुए कहा कि अच्छे से पढ़ोगे तो आगे बढ़ोगे और कलेक्टर, एसपी, डॉक्टर, इंजीनियर व शिक्षक ही नहीं बल्कि एक अच्छे इंसान भी बनोगे। उन्होंने अनुशासन में रहकर सभी के साथ अच्छा व्यवहार रखने, पढ़ाई कर परिवार और समाज की उन्नति में योगदान देने कहा। वही बच्चों से मोबाईल का इस्तेमाल कम करने की नसीहत दी। फारुख मेमन ने बच्चों से कहा कि अपने मां-बाप की बात माने और शिक्षकों के मार्गदर्शन में अच्छे से पढ़ाई करे। कामयाबी पाने ईमानदारी से मेहनत करने कहा। फाउंडेशन अध्यक्ष खलील कुरैशी ने स्वागत भाषण मे बताया कि इकरा फाउंडेशन बीते पांच सालो से शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर काम कर रही है और उनका मकसद शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढने किसी भी तरह की परेशानी होने पर जरूरतमंद बच्चे की हरसंभव मदद करना है।

### कलेक्टर भी सरकारी स्कूल में पढ़े : नियाजी

फाउंडेशन सचिव मो. याहिया नियाजी ने बच्चों को बताया कि जिले के कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा भी सरकारी स्कूल में पढ़े है पर आज खुद की मेहनत से वो इतने बड़े पद पर पहुंचे है इसलिए सरकारी स्कूल में पढ़कर खुद को कभी भी किसी से कमतर ना समझे। ईमानदारी से मेहनत करोगे तो कामयाब जरूर होंगे। आभार प्रदर्शन करते हुए कोषाध्यक्ष शमशुल होदा खान ने कहा कि जीवन में शिक्षा का बड़ा महत्व है इसलिए सभी बच्चे पूरी ईमानदारी और कड़ी मेहनत से पढ़ाई करे। गौरतलब है कि इकरा फाउंडेशन ने बच्चों और उनके परिजनों के आने जाने में दिक्कत को देखते हुए खुद छुईखदान, नर्मदा व गंडई-पंडरिया में जाकर समाज के जरूरतमंद बच्चों को और शहर मे कार्यक्रम आयोजित कर पिपरिया, अमलीडीह और आसपास के बच्चों को निःशुल्क पाठ्य सामग्री दिया। छुईखदान में वितरण दौरान जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सज्जाक खान, सदर शेख निजामुद्दीन, युसुफ सोलंकी, शेख इमरान, शेख आजम, शेख आमिर रजा, अशरफ खान, अमजद खान, दादू खान, अकरम खान, शोएब अहमद खान, फ़ैज खान, इरफान खान व आफरीदी खान मौजूद थे। नर्मदा में वितरण दौरान हाजी कलाम खान, मिर्जाअसलम बेग, मो अजहरुद्दीन, शब्बीर खान व ईद मोहम्मद सहित गंडई में जिला मुस्लिम समाज महामंत्री जाबिद खान, अय्यूब कुरैशी, शेख कलीम खान, मोहम्मद ईशहाक, शब्बीर अली उपस्थित थे।

---

# टटेंगा स्कूल में छात्रसंघ गठित, ओझल बने प्रमुख



**जेवरतला।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में छात्रसंघ का गठन किया गया। शाला नायक के पद पर ओझल देवांगन को मनोनीत किया गया। उपशाला नायक मयंक कुमार, सचिव विवेक निषाद, सह सचिव उपासना, छात्रा प्रतिनिधि रिमझिम, उप छात्रा प्रतिनिधि हिमानी, अनुशासन सचिव गोयल कुमार, अनुशासन सह सचिव अभिषेक देवांगन, अंजली सिन्हा, पल्लवी, क्रीड़ा सचिव मोनिका, क्रीडा सह सचिव पायल, सांस्कृतिक सचिव श्रद्धा देवांगन, सह सचिव तारिणी, पर्यावरण सचिव अंजली, सह सचिव चहक को बनाया गया। इसी प्रकार रेडक्रॉस कप्तान लीना सुधाकर, उप कप्तान युगल कुमार, स्काउट कप्तान कुलदीप, उप कप्तान हिमांशु, गाइड कप्तान रागिनी, उप कप्तान छवि को बनाया गया। विद्यालय के व्याख्याता आरडी देवांगन ने छात्रसंघ पदाधिकारियों को शपथ दिलाया। प्राचार्य आरके देवांगन ने बच्चों को उच्च आदर्श का पालन करने एवं लक्ष्य पर अडिग रहने प्रेरित किया। इस दौरान चंद्रमणि वासनिक, रेशमी साहू, टीएल देवांगन, चंद्री देबनाथ, हेपशीबा एंथोनी, पवन सिंह, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू, बिंदु साहू उपस्थित थे। संचालन अजय पाठक ने किया।

---

## भाजपा रही एकजुट कांग्रेस को नुकसान

**डोंगरगढ़।** भाजपा नेता लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के दौरान भाजपा के एकजुट रहने का दावा किया है। उन्होंने कहा कि मतदान में भाजपा को 15 एवं कांग्रेस को 8 मत मिले। मतदान अधिकारी ने कांग्रेस को विजयी घोषित किया। इस निर्णय के खिलाफ भाजपा पार्षद दल ने कलेक्टर को आवदेन दिया है। उन्होंने बताया कि पालिका में पार्षदों की संख्या 23 हैं जिसमें कांग्रेस के पास 9 एवं भाजपा के पास 14 हैं जबकि भाजपा को 15 एवं कांग्रेस को 8 मत मिले हैं। भाजपा को एक मत अधिक तो कांग्रेस को एक कम मिला जो भाजपा पार्षदों ने अपने मत का उपयोग भाजपा के पक्ष में किया हैं। अविश्वास प्रस्ताव की कार्ययोजना तैयार करने में प्रदेश भाजपा के महामंत्री रामजी भारती, भरत वर्मा, विनोद खांडेकर, सुरेन्द्रसिंग बन्नोआना, रविन्द्र वैष्णव, सुनीलकुमार जैन, अमित जैन आदि की भूमिका सराहनीय रही।



# मुर्गी फार्म की बदबू से लोग हो रहे हलाकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



अंबागढ़ चौकी नगर तथा ग्राम पंचायत बिहारीकला के सीमा क्षेत्र में राजनांदगांव-चंद्रपुर स्टेट हाईवे शिवनाथ नदी के तट पर बिना किसी प्रशासनिक परमिशन के मुर्गी फार्म खोल दिया गया है। ऑन रोड मुर्गी फार्म का बदबू और सुबह से देर रात तक खुलेआम मुर्गा-मुर्गियों के खून के धार के साथ कत्लेआम मुख्य सड़क पर चलने वाले क्षेत्र के मासूम छात्र-छात्राओं के साथ-साथ आम लोगों के लिए भय और मुसीबत का सबब बन गया है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी नगर तथा ग्राम पंचायत बिहरीकलाकला के सरहद के बीच स्थित छत्तीसगढ़ के जीवनदायिनी शिवनाथ नदी के पवित्र तट पर बाहर प्रदेश में निवासरत फर्म के मालिक द्वारा एवन मुर्गी फार्म के साथ-साथ दुकान खोल दिया गया है। राजनांदगांव-चंद्रपुर मुख्य हाईवे में सुबह से देर रात तक मुर्गा-मुर्गियों को खून से लथपथ गला काटकर टुकड़े-टुकड़े किए जा रहे हैं।

### धोखा देकर ली अनुमति

बिहरीकला के सचिव कोमल कश्यप का कथन है कि संबंधित फर्म के मालिक ने छोटा सा मुर्गा का दुकान खोलने की अनुमति लिया है। ग्राम पंचायत को पता नहीं था कि इतने बड़े पैमाने पर यहां इस तरह का धंधा संचालित होगा। आगे कार्रवाई की जाएगी।

### एक्शन लिया जाएगा

मुख्य सड़क पर इस तरह के कारोबार के संबंध में तत्काल प्रभाव से मामले की जांच के साथ एक्शन लिया जाएगा।

-हेमेंद्र भुआर्य, एसडीएम, मोहला

### बिना ग्रामसभा के प्रस्ताव के दे दिया गया एनओसी

मामले की पड़ताल में पता चला है कि शिवनाथ के तट मुख्य सड़क पर एवन पोल्ट्री फार्म के साथ-साथ कत्लखाना खोलने ग्रामसभा के प्रस्ताव के बिना बिहरीकला के सचिव-सरपंच ने मुर्गा-मुर्गी फार्म के लिए अनुज्ञा पत्र जारी कर दिया है।

## कलेक्टर ने शासकीय उमा शाला धामनसरा का किया निरीक्षण

# संपर्क डिवाइस से बढ़ेगा कौशल

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बीते दिनों ग्राम धामनसरा के दौरे के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धामनसरा का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल को हराभरा बनाने स्कूल परिसर में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर बहुत अच्छा एवं साफ-सुथरा है। प्राचार्य, शिक्षक, स्टॉफ एवं ग्रामीणों ने स्वच्छता पर ध्यान देते बहुत अच्छा कार्य किया है।

उन्होंने कहा कि जिले में संपर्क डिवाईस के अच्छे परिणाम रहे हैं और बच्चों उपस्थिति बढ़ी है। इसे सभी स्कूलों में उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे बच्चों की सीखने की प्रवृत्ति बढ़ेगी, उपस्थिति बढ़ेगी और संपर्क डिवाईस देखने से शिक्षकों की कौशल भी बढ़ेगा।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव, सरपंच लोकेश गंगवीर, रामचन्द्र चंद्राकर, उप सरपंच घृतलाल पटेल, कृष्णा पटेल, जीवराखन पटेल, तिलक निषाद, योगेन्द्र दास वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर, प्राचार्य अजय मसीह एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

### नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल वितरण

उन्होंने सरस्वती साइकिल योजना के तहत कक्षा 9वीं में नवप्रवेशी छात्राओं को साइकिल वितरण किया। उन्होंने राज्य स्तरीय सब जूनियर कबड्डी बालक एवं बालिका चैम्पियनशिप में विजेता होने पर विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर अग्रवाल कक्षा 10वीं में गणित विषय पढ़ाया। कक्षा 10वीं की छात्रा वोमेश्वरी पटेल ने 19 का पहाड़ा बहुत अच्छे से बताया। इस पर कलेक्टर ने उसकी तारीफ की। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित को सरल तरीके से पढ़ने का तरीका बताया। उन्होंने पहाड़ा याद करने के सरल तरीके के साथ गणित विषय को पढ़ाई करने का आसान तरीका बताया।

### ग्रामीणों ने कलेक्टर का किया सम्मान

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने ग्राम पंचायत धामनसरा पहुंचकर शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जमीनी स्तर पर निरीक्षण किया। कलेक्टर अग्रवाल को शासन एवं प्रशासन के सहयोग से गांव में अच्छे विकास कार्य होने पर ग्रामीणों ने शॉल-श्रीफल एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने ऐसे लोकहितकारी कार्य जो समाज के लिए स्थायी तौर पर फायदेमंद रहे, इसके लिए कृषि एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर ग्रामवासियों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि इससे ग्राम के विकास को गति मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर जिला स्तरीय अधिकारी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में निरीक्षण कर रहे हैं और समस्याओं का समाधान के लिए कार्य कर रहे हैं। कलेक्टर अग्रवाल ने धामनसरा के किसानों से खेती-किसानी के संबंध में चर्चा की। उन्होंने धामनसरा के किसानों को रबी के मौसम में धान के बदले कम पानी उपयोग वाली फसलों का उत्पादन करने प्रोत्साहित किया। उन्होंने निःशुल्क खाद्यान्न योजना के तहत ग्रामीणों को उपलब्ध खाद्यान्न के संबंध में जानकारी ली। इसके साथ ही शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में ग्रामीणों को जानकारी दी। ग्रामीणों द्वारा गांव के चौक-चौराहों में सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने की पहल पर ग्रामीणों की तारीफ की। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य अंगेश्वर देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष रोहित चंद्राकर, जनपद सदस्य रोशनी वैष्णव, सरपंच लोकेश गंगवीर, रामचन्द्र चंद्राकर, उप सरपंच घृतलाल पटेल, कृष्णा पटेल, जीवराखन पटेल, तिलक निषाद, योगेन्द्र दास वैष्णव, जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल, जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्यौहारे, बीआरसी भगत सिंह ठाकुर एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।

# बोरी में रखा था शराब, 27 पौवा शोले बरामद



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से बिक्री करने के लिए प्लास्टिक बोरी में रखा 27 पौवा देशी शोले प्लेन शराब को बरामद कर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना छुरिया पुलिस द्वारा मुखबीर की सूचना मिलने पर छुरिया घुपसाल मार्ग में बना टपरी ग्राम कुमर्रा छुरिया के पास अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहे आरोपी झनक निषाद पिता परसु निषाद 24 साल निवासी वार्ड नंबर 8 छुरिया को गिरफ्तार किया गया। मामला जमानतीय होने एवं सक्षम जमानतदार पेश करने पर जमानत मुचलका पर छोड़ा गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्लास्टिक बोरी में रखा 27 पौव देशी शोले प्लेन शराब कीमती 2430 रुपए, बिक्री रकम 1170 रुपए नगदी एवं स्कूटी एक्टिवा को जब्त कर कार्रवाई की गई।

# एनबीआईएस में धूमधाम से मना फाउंडेशन-डे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी ने अपना आठवां फाउंडेशन-डे धूमधाम से मनाया।

शाला के संस्थापक नीरज बाजपेयी द्वारा 6 जुलाई 2016 को विधिवत से एनबीआईएस की नींव रखी और आज शाला परिवार हर्ष के साथ अपने नवमें वर्ष की शैक्षणिक सत्र की ओर प्रवेश किया है। आठ साल के इस सफर को यादगार बनाने शाला में सभी कक्षाओं के बच्चों के लिए अनेक शैक्षणिक, रचनात्मक, बौद्धिक गतिविधियों का आयोजन किया गया था। जिसमें कक्षानुसार फन गेम, पोस्टर मेकिंग, ड्राइंग, स्लोगन के साथ अनेक गतिविधियों को भी जोड़ा गया था। इन गतिविधियों में कक्षा नर्सरी से 12वीं तक के बच्चों ने बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता निभाई। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल के इस आठ सालों के सफर को हिन्दी विभाग की शिक्षिका रूचि श्रीवास्तव द्वारा कविता के रूप में प्रस्तुति दी। इस अवसर पर शाला में विशेष सभा का आयोजन किया गया, जिसे भगत हाउस की प्रभारी शिक्षिका स्वप्निल तिवारी द्वारा संपन्न कराया गया। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी द्वारा शाला में शिव रुद्राभिषेक पूजन कर शाला के मंगलमय कार्य के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गई। श्री बाजपेयी द्वारा शाला के बच्चों, शिक्षकगण के साथ समस्त शाला परिवार के सदस्यों को शुभकामनाएं दी गई। इस आयोजन में शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी, सोनल बाजपेयी, रेणु बाजपेयी, कुंतल बाजपेयी, उर्मिला दीक्षित, एकता गांधी, नितिन चौहान, शिक्षकगण तथा शाला परिवार के सदस्यगण उपस्थित रहे।

# ट्रेलर की ठोकर से बाईक सवार घायल

**राजनांदगांव।** दवाई लेने जा रहे बाईक सवार को लापरवाही से भाग रही ट्रेलर वाहन के चालक ने ठोकर मारकर घायल कर दिया। इस घटना में बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम जोरातराई निवासी प्रार्थी नरेश कुमार यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 13 जुलाई को अपनी बाईक से एम्स अस्पताल रायपुर से टेडेसरा में दवाई लेने जा रहा था, वह ग्राम टेडेसरा चौक के पास पहुंचा था, उसी समय एक ट्रेलर चालक ने वाहन को लापरवाही से चलाते हुए ठोकर मार दिया। जिससे प्रार्थी के पैर में चोट आया है। वहीं बाईक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# राष्ट्रीय शूटिंग खिलाड़ी कोमल का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के नेतृत्व में सर्व यादव महासभा राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने संस्कारधानी की राष्ट्रीय राइफल शूटर खिलाड़ी कोमल श्रीवास का सम्मान किया। पूर्व सांसद के मोतीपुर स्थित निज निवास में आयोजित एक सादे सौजन्य भेंट कार्यक्रम में जिले के झेरिया, कोसरिया एवं ठेठवार यादव समाज के प्रतिनिधियों ने पूर्व सांसद यादव के राइफल शूटिंग खिलाड़ी कोमल से भेंट कर उसका सम्मान व उत्साहवर्धन किया।

प्रतिनिधि मंडल में कोसरिया यादव समाज के जिला अध्यक्ष कंसुराम यादव, शहर अध्यक्ष महेश कुमार यादव, उपाध्यक्ष राधेलाल यादव सहित सर्व यादव समाज के शीलूराम, कार्तिकराम, दुर्गा, हरिश्चंद्र, विजय, उपेंद्र, रितेश, विनोद, नरसिंह, गरीबाराम, सुदेश, अमन, चेतन, राजेश यादव, दुर्गेश यादव समेत अन्य लोग शामिल थे। पूर्व सांसद यादव ने खिलाड़ी कोमल श्रीवास की प्रशंसा करते सभा को बताया कि कोमल ने अपने जीवन में बहुत कठिन संघर्ष कर सफलता प्राप्त कर राजनांदगांव शहर, जिला एवं प्रदेश को अपने खेल प्रदर्शन से गौरवान्वित किया है।

# परिषद के ओमप्रकाश बने अध्यक्ष

- तीसरी बार बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



25 वर्ष से संचालित संस्था साकेत साहित्य परिषद सुरगी के पदाधिकारी का चुनाव संस्था के संरक्षक कुबेर सिंह साहू और वीरेंद्र तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। बैठक में सर्वसम्मति से साहित्यकार ओमप्रकाश साहू को अध्यक्ष बनाया गया। वे साकेत के तीसरी बार अध्यक्ष बने हैं।

इसी प्रकार सचिव व्यंग्यकार राजकुमार चौधरी और कोषाध्यक्ष कवि सचिन निषाद को मनोनीत किया गया। अन्य पदाधिकारियों में संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार कुबेर सिंह, वरिष्ठ गीतकार प्यारेलाल देशमुख, वरिष्ठ साहित्यकार वीरेंद्र तिवारी, उपाध्यक्षद्वय संतूराम गंजीर एवं पवन यादव, मीडिया प्रभारी कुलेश्वरदास साहू, सह-सचिव डोहर हर दास साहू को बनाया गया है। सदस्यों में महेंद्र कुमार बघेल, लखनलाल साहू, अखिलेश्वर प्रसाद मिश्रा, कैलाश साहू, फागूदास कोसले, धर्मेंद्र पारख, दिलीप साहू, मानसिंह ठाकुर, नंदकिशोर साव, फकीर प्रसाद साहू, भूखन वर्मा, आनंदराम सार्वा, रोशनलाल साहू, मदन मंडावी, भूपेंद्र साहू, भूपेंद्र साहू, बलराम सिन्हा, शिवप्रसाद लहरे, याददास साहू, हिपेन्द्र साहू, रूपल साहू शामिल हैं।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों को कुबेर सिंह साहू, वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने शपथ दिलाई। पूर्व अध्यक्ष लखन लाल साहू सहित सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र तिवारी और आभार डोहरदास साहू ने किया। उक्त जानकारी कुलेश्वर दास साहू ने दी है।

# बाइक से जा रहे युवक की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बाईक से घर जा रहे युवक का रास्ता रोककर अज्ञात आरोपियों ने मारपीट की। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार छुईखदान थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सोहागपुर निवासी प्रार्थी भोजेन्द्र जंघेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह 12 जुलाई को ग्राम लिटिया काम से गया था। वहां से वापस अपने घर सोहागपुर जाने अपने बाईक में निकला था। रात करीब साढे 8 बजे वह ग्राम ओडिया निर्माणाधीन पुलिया के पास पहुंचा ही था कि वहां पर दो व्यक्ति ने उसे रोका और गाली-गलौज कर हाथ-मुक्का से मारपीट करने लगे, जब प्रार्थी ने मना किया तो एक व्यक्ति पुलिया से सेट्रिंग बल्ली को लेकर आया और मारपीट किया। जिससे प्रार्थी को चोंटे आई है। मारपीट कर आरोपी अपने बाईक छोड़कर भाग गए। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

# परिवार व समाज निर्माण में महिलाओं का योगदान

- महिला योग-साधना शिविर का आयोजन



**राजनांदगांव।** नारी तू नारायणी है, का संदेश देने वाली संत श्री आशारामजी बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल द्वारा युवतियों व महिलाओं के व्यक्तित्व व आध्यात्मिक निर्माण के लिए मोहारा स्थित संत आशारामजी आश्रम में महिला योग-साधना शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में वक्ता के रूप से पूज्य बापूजी की साधिका शिष्या साध्वी प्रतिमा बहन एवं अहमदाबाद महिला आश्रम से आई बहनों द्वारा संपन्न हुआ। रायपुर से छत्तीसगढ़ समिति प्रमुख अनिता दीदी भी शिविर में उपस्थित रही। शिविर में साध्वी प्रतिमा बहन ने महिलाओं व युवतियों को उत्तम चरित्र निर्माण, ओजस्वी, तेजस्वी जीवन जीने की कुंजियां बताई गई। साथ ही जप-ध्यान व योगासन-प्राणायाम से अनेक बीमारियों से राहत पाने के बारे में बताया गया।

साध्वी प्रतिमा बहन ने कहा कि नारी तू नारायणी, उठो! जागो!! बनो तेजस्विनी!!! यह दिव्य संदेश भी दिया गया। आज के समय में जहां महिलाओं व युवतियों के चरित्र का हनन हो रहा है। वहीं इस अभियान के माध्यम से उन्हें भारत देश की तेजस्विनी बनने प्रेरित किया गया। अहमदाबाद से आई महिला उत्थान मंडल की बहनों ने कहा कि स्त्री वर्ग का बहुत बड़ा योगदान परिवार व समाज निर्माण में हो सकता है। यदि वह वर्ग संयमी, संस्कारी, सत्संगी व ईश्वरपरायण हो और यदि इस वर्ग को जीवन का बाल्यकाल अथवा मध्यावस्था तक भी ऐसे संस्कार मिलना प्रारंभ हो जाए तो कुछ कहना ही क्या। इसी उद्देश्य से पूज्य संत श्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से देशभर में महिला उत्थान मंडल द्वारा अनेक सेवाकार्य किए जाते हैं। जैसे दिव्य शिशु संस्कार, गर्भ संस्कार केंद्र, कैदी उत्थान कार्यक्रम, तेजस्विनि भव, गर्भपात रोको अभियान, नारी सशक्तिकरण जैसे अनेक अभियान समाज तक पहुंचाने का से कार्य महिला मंडल की बहनों द्वारा जारी है। कहानियों में विभिन्न स्पर्धा भी आयोजित की गई तथा विजेताओं को पुरस्कार वितरण किया गया। शिविर के समापन में आदर्श महिला बनने के रहस्य बताया गया तथा शिविर में आदर्श महिला को विशेष पुरुस्कार दिया गया।

# मंडला उपकेन्द्र में अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



छग स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत खैरागढ़ जिले के ग्रामीण अंचलों में समुचित वोल्टेज पर निर्बाध व गुणावत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विद्यमान उपकेन्द्रों में स्थापित पॉवर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि का कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता से किया जा रहा है।

अमलीपारा उपसंभाग के अंतर्गत ग्राम मंडला में विद्यमान 33/11 केव्ही उपकेन्द्र में 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त नए पॉवर ट्रांसफार्मर को स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। मंडला उपकेन्द्र की क्षमता 5 एमव्हीए से बढ़कर 8.15 एमव्हीए हो गई है। इस अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के लग जाने से लगभग 20 ग्रामों में विद्युत प्रदाय की स्थिति और बेहतर हो गई है। मंडला उपकेन्द्र के परिधि में आने वाले अनेक गांव के किसानों तथा उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिलेगा।

खैरागढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि मंडला उपकेन्द्र में स्थापित 3.15 एमव्हीए के अतिरिक्त पॉवर ट्रांसफार्मर के ऊर्जीकरण से ग्राम मंडला, खैरबना, डोकराभाठा, टेकाडीह, बाजगुड़ा, इतिकसा, भूरसाटोला, खौंघा, पिरचाटोला, पासलखैरा, केशला, बड़गड़ा, मालूद एवं केरबोरी के लगभग 3400 उपभोक्ताओं को उच्चगुणवत्ता की विद्युत सेवा का लाभ मिलेगा। इस कार्य को सफलतापूर्वक किए जाने पर मुख्य अभियंता टीके मेश्राम एवं अधीक्षण अभियंता केसी खोटे ने कार्यपालन अभियंता एके द्विवेदी, एडी टंडन, एमके साहू, सहायक अभियंता केके सुनहरे, एसपी ठाकुर, ममता कर्मकार और उनकी टीम को बधाई दी है।

## मप्र व महाराष्ट्र से पहुंच रही मंडी में सब्जियां

# बारिश के मौसम में सब्जियों के दाम उछले, लोकल बाड़ियों से आवक नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



बारिश के मौसम में इन दिनों सब्जी बाजार में गरमाहट है। अधिकांश सब्जियों के दाम उछाल पर है। जिससे आम लोग हलाकान होने लगे हैं। लोकल बाडियों से सब्जियों की आवक बेहद कम है। मप्र और महाराष्ट्र की ओर से सब्जियां मंडी में पहुंच रही है। ज्ञात हो कि आषाढ़ माह में मानूसन की सक्रियता और बारिश का वातावरण निर्मित है। ऐसे में सब्जी बाजार में जहां नए सब्जियों की आवक कम है। वहीं लोकल बाडियों से भी सब्जियां नहीं पहुंच रही है। गिने-चुने सब्जियां ही लोकल बाड़ियों से आ रही है।

### बाहर से आवक, दाम पर असर

सब्जी व्यवसायियों के अनुसार लोकल बाडियों से सब्जियों की आवक कम एवं प्रदेश के बाहर से सब्जियों की आवक होने से सब्जियों के दाम में असर आया है। बाजार में इन दिनों गोभी लगभग 70-80 रुपए, पत्ता गोभी 30-40 रुपए, कुम्हडा 20-30, कुन्दरू 40-50, भिन्डी 35-40, भटा 30, करेला 60-80, परवल 40, टमाटर 50, लहसुन लगभग 250, अदरक 140, मिर्ची 80-100, धनिया 100-120, लौकी 20-30, बरबट्टी 80 से 100, सेमी 100, ढेस 60-80 रुपए किलो तक बिक रही है। बाजार में इन दिनों हरी सब्जियों की भी बेहतर आवक है। बताया गया कि लोकल बाडियों से भटा, कुन्दरू, भिन्डी सहित भाजियों की आवक है।

### शादियों का मौसम, बढ़ी मांग

इधर कई सब्जियों की आवक महाराष्ट्र एवं मप्र की ओर से हो रही है। इस बीच वैवाहिक मुहूर्तों का दौर शुरू होने से थोक में सब्जियों की मांग लोगों के बीच बनी हुई है। सुबह के समय कृषि उपज मंडी में बड़ी संख्या में लोग सब्जियों की खरीदी करने पहुंच रहे हैं। इसके अलावा शहर के गोल बाजार, हाट बाजार में भी सुबह से देर शाम तक लोग सब्जियों की खरीदी करने के लिए पहुंच रहे हैं। माना जा रहा है कि लोकल बाडियों से सब्जियों की बेहतर आवक अगले माह से शुरू हो जाएगी। इसके बाद ही सब्जियों के दाम सामान्य हो पाएंगे। बहरहाल सब्जियों के उछले दाम से आम लोग हलाकान हैं।

# शहर के वार्डों में सफाई व्यवस्था ठीक हो : शिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



नगर निगम के पूर्व अध्यक्ष शिव वर्मा ने शहर की सफाई व्यवस्था खराब होने के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इससे भाजपा सरकार को बदनाम करने की साजिश चल रहा है। उन्होंने कहा कि इन दिनों शहर की सफाई व्यवस्था आधे से ज्यादा वार्ड में ठेके पद्धति से सफाई होता है।

चुनाव होने के कारण सफाई ठेका निविदा आमंत्रण के बाद आचार संहिता हटने के बाद निविदा को खोला गया। परंतु महापौर परिषद में सफाई कर्मचारी कटौती को लेकर महापौर ने इसे निरस्त किया। तथा सफाई ठेका खत्म होने के बाद अभी वर्तमान में ठेके वाले वार्ड में कर्मचारी नहीं होने कारण वार्ड के सफाई व्यवस्था पूरी तरह खराब हो चुका है। नालिया की सफाई नहीं होना तथा वार्ड में झाड़ नहीं लगे गोबर की उठाव नहीं होने के कारण पूरा वार्ड में गंदगी पसरा हुआ है। तथा कभी भी गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकता है। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी निगम प्रशासन एवं महापौर की होगी। सफाई व्यवस्था को लेकर निगम प्रशासन एवं महापौर जनता को मूलभूत सुविधा प्रदान करने के बजाय हाथ में हाथ धरे बैठे हुए हैं। इनको जनता से कोई लेनादेना नहीं है।

श्री वर्मा ने आगे कहा कि महापौर पूरे 5 साल सिर्फ जनता को गडबों नवा राजनांदगांव का सपना दिखाया है। प्रथम नागरिक का दायित्व पूरी तरह भूल गए हैं। सफाई के नाम से राजनीति करने वाले महापौर को अब जनता से कोई सरोकार नहीं है। निगम आयुक्त भी अपने दायित्व को भूल कर राजनीति कर रहे हैं। तथा भाजपा को बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं। आज शहर की सफाई व्यवस्था पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया है। ठेका वाले वार्डों की हालत खराब होते जा रहा है। एक हफ्तों से नालियों की सफाई तथा सड़कों की सफाई बिल्कुल नहीं हो पाया है। आखिर जिम्मेदार कौन है?

## खबर संक्षेप

### कावेरी जायसवाल को पीएचडी अवार्ड से सम्मानित



**कवर्धा।** जिले के पंडरिया नगर निवासी श्रीमती कावेरी रामगोपाल जायसवाल को शासकीय महाविद्यालय कुम्हारी, दुर्ग में असिस्टेंट व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं, उन्हें कलिंगा विश्वविद्यालय से पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। इन्होंने अपना शोध कार्य व्याख्याता डॉ अजय कुमार शुक्ला के निर्देशन में पूरा किया, इनके शोध का विषय था कवर्धा अंचल के साहित्यकारों का हिंदी एवं छत्तीसगढ़ी साहित्य में योगदान रहा श्रीमती कावेरी ने इस शोध से कवर्धा व अंचल के साहित्यकारों का विस्तृत एवं सारगर्भित जानकारी एकत्रित की है, जो पाठकगण व नए शोधार्थीयों के लिए मिल का पत्थर साबित होगा।

### फसल बीमा की मियाद आगे बढ़ाने की मांग

**डोंगरगांव।** जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु ने पटवारियों की हड़ताल को देखते हुए फ़सल बीमा कराने की मियाद को आगे बढ़ाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अब तक अल्प वर्षा के हालात बने हुए है। अपेक्षित बारिश नहीं होने के बाद बहुसंख्यक किसान अब तक न बोनी कर पाए हैं और न खेतों में रोपा लगा है। किसानी कार्य में लगातार विलंब होने से किसान भविष्य को लेकर चिंतित है वहीं पटवारियों की हड़ताल के चलते दस्तावेज के आभाव में किसान अब तक फ़सल का बीमा नहीं करा पाए है।

### महिलाओं ने किया पौधरोपण

**डोंगरगढ़।** शक्ति वाहिनी की महिलाओं ने रेलवे इंस्टिट्यूट परिसर में आम, आंवला, करंज, बेल गुलमोहर, अमरूद, जामुन आदि के लगभग 50 पौधे लगाए। मुख्य अतिथि पूर्व विधायक विनोद खांडेकर थे। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि परविंदर सिंह मोंटी, संतु राव, प्रिंस कक्कड़, वैशाली देशकर, ज्योति बड़वाईक, नमिता चौबे, सविता साहू, सीमा मिश्रा, अंजू चौधरी, ज्योति गौतेल, प्रीति गौतेल, रीना रगड़े, सुनीता बघेल, श्वेता सहित अन्य मौजूद थी।

## खेतों में आने लगी दरारें, पीले पड़ रहे धान के पौधे

# फसलों पर छाए संकट के बादल

## अल्पवर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

अषाढ़ माह गुजरने में अब हफ्ते भर का समय शेष है। खरीफ फसलों के लिए अभी तक अपेक्षित बारिश नहीं हुई है। नदी, नाला, तालाब सूखे हुए हैं। अषाढ़ माह में किसानों को झमाझम बारिश की आश रहती है।

ताकि कृषि कार्य सुविधाजनक हो सके। क्षेत्र में अल्प और खंड वर्षा के कारण संकट के बादल मंडराने लगे है। बारिश में कमी और तापमान अधिक होने से धान के पौधे झुलस कर पीले पड़ने लगे है। किसानों को धान का रोपा लगाने तथा धान रोपाई के बाद भी खेतों में नमी बनाए रखने में खासा परेशानी होना पड़ रहा है।

दूसरी ओर जल स्तर में कमी, लो वोल्टेज और विद्युत कटौती से बोर भी जवाब देने लगे है। बारिश कम होने के बाद खेतों में दरारें आने लगी है। यही स्थिति कुछ दिन और रही तो खरीफ फसल के उपज पर गहरा प्रभाव पड़ने की आशंका है।



### खाद के दाम बढ़े

किसानों को मांग के अनुसार खाद उपलब्ध कराने का दावा जरूर किया जा रहा है किन्तु सोसायटियों ने खाद का अभाव बना हुआ है। खाद की कमी का सीधा फायदा व्यापारी उठाते हुए ऊंचे दाम पर बेच रहे हैं। 1350 रूपए कीमत वाली डीएपी खाद 16 सौ से 1650 में बेचा जा है। 266 रुपए वाली यूरिया 300 से 350 रुपए में बिक रही है। पोटास भी निर्धारित मूल्य से अधिक में बेचा जा रहा है।

### फसल बीमा शुरू

किसानों की फसल को सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अब तक काफी कारगर साबित हुई है। इस सप्ताह से बीमा के फार्म जमा होना शुरू हो गया है। पंजीकृत किसान सोसायटी या आनलाईन निर्धारित दस्तावेज के साथ फार्म जमा कर सकते हैं। कृषि अधिकारी मोहित बजरंग ने मौसम को देखते हुऐ सभी किसानों को फसल बीमा करवाने की अपील किया है।

### टमाटर की खेती पिछड़ी

क्षेत्र के एक बड़े रकबा में किसान टमाटर की खेती करते हैं। बारिश की कमी और मौसम गर्म होने से टमाटर के पौधे खेतों में नहीं लग पा रहे है। किसानों ने बताया कि अषाढ़ माह में 80 फीसदी बोनी जाती थी किन्तु अब तक लगभग तीस फीसदी बोआई हो पाई है। किसानों ने बताया कि बारिश नहीं होने से खेतों से नमी गायब है।तापमान अधिक होने से पौधे झुलस रहे है तथा बढ़वार नहीं हो पा रहा है। टमाटर की नर्सरी में पौधा तैयार हो चुके हैं। मौसम के अनुकुल होते ही रोपण तेजी से होने लगेगा।

# लापरवाह शिक्षकों को थमाया नोटिस, कार्रवाई ठंडे बस्ते में



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद स्कूलो में समय पर नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही होने से हड़कंप मच गया है। पिछले 10 दिनों में विभिन्न स्कूलो में बिना जानकारी के गायब, समय पर स्कूल नहीं आने और समय से पहले स्कूल से गायब होने अलावा नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले शिक्षको के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्यवाही हुई है। इस कार्यवाही के बाद लगभग एक दर्जन शिक्षकों को नोटिस जारी कर अवैध उगाही करना भी शुरू हो गया है। राजनीतिक दबाव एवं ऐसे षिक्षकों से राशि की डिमांड कर मामले को रफा दफा कर शिक्षकों को बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

### शिक्षकों को नोटिस

विकासखंड षिक्षा अधिकारी बिरेन्द्र गरचा ने शिक्षकों के स्कूल नहीं पहुंचने की शिकायत के बाद नोटिस जारी किया है। शिक्षकों के खिलाफ कार्यवाही के लिए अधिकारियों को जानकारी देने की बात कही है। उन्होंने शिक्षको की उगाही की शिकायत को गलत बताया है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों पर कार्यवाही के बाद वह राजनीतिक एप्रोच लगाकर खुद को बचाने का प्रयास कर रहे हैं और उगाही की बात फैलाकर शिक्षा विभाग को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

### नोटिस के बाद कार्रवाई नहीं


कितने षिक्षको पर कार्यवाही की गई है, इसका खुलासा विभाग ने अब तक नहीं किया है। नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले षिक्षकों पर कार्यवाही करने के बजाय केवल नोटिस थमाने से विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े होने लगे हैं। जबकि ऐसे शिक्षकों को तत्काल निलंबित किया जाना चाहिए। बीईओ बिरेन्द्र गरचा ने बताया कि जेडी कार्यालय दुर्ग द्वारा की गई कार्यवाही के अनुरूप लगभग 8 लोग एवं स्थानीय षिक्षा कार्यालय के तहत 6 लोगो को गैर हाजरी, समय पर उपस्थिति नहीं होने, नशे की हालत में स्कूल पहुंचने वाले शिक्षकों को नोटिस भेजा गया है। इस मामले में उच्च अधिकारी द्वारा नियमतः कार्यवाही किया जाएगा।

# थम नहीं रहा जमीन हड़पने का सिलसिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर में शासकीय जमीन पर अवैध कब्जे और समुदाय के बीच बढ़ रहा विवाद थमने का नाम नही ले रहा है। इस मामले को प्रशासन गंभीरता से नहीं लिया तो गंभीर हालात पैदा हो सकते हैं।

जानकारी के अनुसार शहर के 4 से 5 वार्डो में दो समुदाय के बीच शासकीय जमीनों पर कब्जा कर बिना अनुमति निर्माण कराने की होड लगी हुई है। वार्ड 20 भुरवाटोला के शीलता मंदिर में झंडा लगाने के विवाद को एसडीएम एवं पुलिस प्रशासन ने शांत कराने में सफलता तो हासिल कर लिया है किन्तु पिछले एक सप्ताह से वार्ड 3 काली मंदिर के पास प्राचीन तालाब को पाटकर कब्जा करने का प्रयास किया जा रहा है। उक्त तालाब में रोजाना सामाजिक झंडा लगाकर तेजी से पाटा जा रहा है। इस मामले को कुछ कर्मचारियों का संरक्षण मिला हुआ है।



### कार्रवाई के बाद लापरवाही

हाल ही में खैरागढ़ रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर मार्ग से तहसीलदार ने करोड़ोके अतिक्रमण को तोड़कर शासकीय जमीन को मुक्त कराया था। शहर के अन्य स्थानों पर हो रहे अतिक्रमण की जानकारी तहसील कार्यालय एवं नगर पालिका को दी गई थी किन्तु अधिकारियों के गंभीरता से नही लेने के कारण वार्ड में रोजाना विवाद की स्थिति बनने लगी है। यह विवाद आने वाले समय में गंभीर मसला बन सकता है। जानकार बताते है कि उक्त जगह में दो समुदाय सामाजिक भवन बनाने की तैयारी कर चुके हैं।

# विद्यार्थियो ने स्कूली यूनिफार्म में सीखे धान की रोपाई विधि



हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

स्वामी आत्मानंद बोड़ला के व्यवसायिक कृषि ट्रेड के कक्षा 10वीं के विद्यार्थियो द्वारा धान की रोपाई विधि लाइन से लाइन का (पडलिंग किए गए खेत में प्रेक्टिकल किया गया। इन विद्यार्थियों को कृषि शिक्षक प्रदीप सिंह द्वारा स्कूल के समीप स्थित खेत में ले जाया गया वहां सबसे पहले नर्सरी में उगाए गए पौध से संबंधित जानकारियां दिया गया और मुख्य खेत में रोपाई के लिए कैसे तैयार किया जाता है आदि मुख्य बिंदु को बताया गया। इस विधि में नर्सरी में तैयार किए गए हाइब्रिड धान के पौधे को 21 से 25 दिन में रोपाई के लिए उपयोग किया जाता है, पडलिंग किए गए खेत में सिडलिंग पौध की रोपाई की जाती है, रोपाई करने से पहले सिडलिंग धान के पौध को कार्बेंडाजिम व मैनकोजेब फफुंदनाशक तथा कीट से बचाव के लिए क्लोरपायरीफॉस कीटनाशक से उपचारित करना चाहिए। इसके बाद खेत में रस्सी की सहायता से लाइन से लाइन 20 सेमी और पौध से पौध 8-10 सेमी की दूरी पर धान का एक पौध एक स्थान पर रोपित किया जाता है, इस विधि में खरपतवार, रोग व कीटो का प्रकोप कम होता है, खाद उर्वरक डालने में सुविधा होती है, सामान्य से अधिक उपज प्राप्त होता है। वहीं छात्र छात्राओं में धान का रोपाई विधि सिख कर बड़े उत्साहित एवं रोमांचित हुए संस्थान के प्राचार्य अश्वनी सोनी ने बताया कि इस तरह का प्रायोगिक से विद्यार्थियो में खेती से जुड़े कार्यों की समझ पैदा होगी यह एक प्रकार का स्किल डेवलपमेंट है। इस अवसर पर शिक्षक विमल यादव, भूपेंद्र चंद्राकर, सुमित ठाकुर, शिक्षिका श्रीमती अनिमा एक्का, श्रीमती कविता वैष्णव, श्रीमती घनश्यामा वर्मा, श्रीमती विनीता मरकाम साथ ही साथ छात्र छात्राएं तथा कृषक गण उपस्थित थे।

# सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट मरम्मत के अभाव में खराब, पसरा अंधेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरबसपुर

कवर्धा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायतों में सड़कों व चौंक चौराहों व गली मोहल्ले मे शासन प्रशासन द्वारा करोड़ों रुपए की स्वीकृति कर सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट लगाया गया हैं, लेकिन गांव की गली मोहल्ले व चौंक चौराहों मे लगे स्ट्रीट लाइट बंद व सुधार तथा मरम्मत कार्य के अभाव में गांव की चौंक चौराहों मे अंधेरा पसरा हुआ है। जिस पर ग्रामीणों ने जिम्मेदारो को इस ओर ध्यान देने तथा विभागीय अधिकारियो को सुधार तथा मरम्मत कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामवासियो को सुविधा मिल सकें। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बरबसपुर में क्रीडा विभाग (बिजली विभाग) द्वारा लाखों रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाया गया है। लेकिन लाइट की कीमत और उसकी क्वालिटी पर सवाल उठने लगे है। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत बरबसपुर स्थिति गुरु घासीदास मंदिर परिसर, ग्राम पंचायत, उपस्वास्थ्य केंद्र, सतनाम चौक मुख्य मार्ग सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट लगाया गया गया ताकि चौंक चौराहे व गली मोहल्ले रोशन हो सकें लेकिन लाखों रुपए फूंकने के बाद भी गांव के मुख्य मार्ग व चौंक चौराहे तथा गली मोहल्ले मे पर्याप्त रोशनी नही रहती है जिससे ग्रामीणों व रहवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वहीं कम रोशनी होने कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है।



# एक वृक्ष मां के नाम महाभियान चलाकर पौधरोपण किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय भानपुर संकुल कोयलारी में एक वृक्ष मां के नाम महाभियान के अंतर्गत विभिन्न प्रकार के पौधरोपित किया गया। जिसमें फलदार पौधे आम, जामून, अमरूद, सीताफल एवं छायादार पौधे कदम, करंज, गुलमोहर, नाग केशर, नाग चम्पा आदि प्रमुख है शिक्षको एवं विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पौधरोपण कार्य में हिस्सा लिया। प्रधान पाठक नंदकुमार शर्मा ने पौधरोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पौधरोपण का मुख्य उद्देश्य वायु की गुणवत्ता में सुधार लाना, जलवायु में सुधार लाना, जल संरक्षण, मिट्टी संरक्षण, वन्यजीवों की सुरक्षा, पर्यावरण संतुलन एवं स्वच्छ वातावरण के लिए पौध लगाने की बहुत आवश्यकता है। उक्त अवसर पर शिक्षक परमानंद धुर्वे व शिक्षक शिक्षिकाएं व विद्यार्थी गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# तुलस चंद्राकर की सराहनीय पहल जरूरत मंद विद्यार्थियों को किया निःशुल्क पुस्तक वितरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया क्षेत्रांतर्गत महली निवासी व्याख्याता शिक्षक तुलस चंद्राकार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कामठी तथा शिक्षिका श्रीमती यक्ष चंद्राकर पूर्व माध्यमिक शाला महली विकासखंड पंडरीया में पदस्थ हैं इन शिक्षक दंपत्ति तथा समस्त परिवार द्वारा प्रतिवर्षानुसार अपने पिता स्व रामनाथ चंद्राकार के स्मृति में कक्षा 1 से 12 वीं तक कें विद्यार्थियों को निःशुल्क पुस्तक प्रदान किया गया। इस बुक बैंक का शुरुआत 2021 से किया गया, जिसमें जरूरत मंद कक्षा 1 से 12तक विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक व उपयोगी पुस्तक प्रदान किया जाता है। शिक्षक तुलस चंद्राकर ने बताया इस वर्ष कक्षा 1 से 12 वीं तक कें 100 पुस्तक 47 विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक समस्त परिवार कें कर कमलों से प्रदान किया गया। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षा को बढ़ावा देना तथा गांव कें जरूरतमंद छात्र छात्राओं को मदद करना है । शिक्षक परिवार द्वारा किए गए यह कार्य का ग्रामवासियों नें सराहनीय कार्य के लिए आभार व्यक्त किया।

# किसानों के लिए बने सलाहकार भवन को बनाया बसेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोमनी



ग्राम में बने कृषक सलाहकार सूचना केंद्र भवन का उपयोग व्यक्तिगत हित करने का खुलासा हुआ है। इस संबंध में सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने के बाद भवन को खाली कराया गया है।

जानकार के अनुसार उक्त भवन का निर्माण कृषकों को कृषि संबंधी जानकारी देने, प्रशिक्षण देने आदि के लिए 10 वर्षों पूर्व कराया गया था। भवन का ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी द्वारा लगातार दुरूपयोग किया जा रहा था। ग्राम के एक परिवार को निवास करने 14 महीने तक दिया गया था। सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांगने के बाद 5 फरवरी 2024 को भवन खाली कराया गया। इसकी शिकायत पंचायत ने कलेक्टर से किया था। कलेक्टर ने उपसंचालक कृषि को कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे किन्तु उपसंचालक ने कार्यवाही न करते हुए चार सदस्यीय जांच दल का गठन कर दिया था। जांच दल ने पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों का कथन दर्ज किया था। ग्रामीणों ने अपने बयान में पन्नालाल पटेल आ महादेव पटेल के जनवरी 2023 से 5 फरवरी 2024 तक भवन में परिवार सहित निवास करने की पुष्टि किया था।

### सवालों के घेरे में प्रतिवेदन

जानकारी के अनुसार दोषी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को विभाग बचाने में लगा है। जाँच दल ने तथ्यों को तोड़ मरोड़ करते हुए अपने प्रतिवेदन में सामान रखने हेतु देने का उल्लेख किया है। जबकि ग्रामीणों ने अपने बयानों में स्पष्ट उल्लेख किया था कि उक्त भवन में परिवार सहित निवास करता था। संबंधित व्यक्ति ने भी परिवार सहित निवास करना स्वीरकार किया था। जांच दल ने गलत जांच प्रतिवेदन उपसंचालक कृषि को प्रस्तुत किया जिसके बाद उपसंचालक ने खानापूर्ति करते हुए ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण नियम 10 (एक) के तहत परिनिन्दा की शस्ती अभिरूपित करते हुए सेवा पुस्तिका में इंद्राज करने का आदेश 5 जुलाई को दिया।

### शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक आयोजित

**खैरागढ़।** ब्लाक के बाजार अतरिया स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में नवगठित शाला प्रबंधन समिति की पहली बैठक अध्यक्ष कमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस दौरान अध्यक्ष कमल शर्मा ने समिति के नवनिर्वाचित सदस्यों को स्कूल के विकास व गुणवत्ता को लेकर उनके उत्तरदायित्व की जानकारी देते हुए सभी से बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देकर स्कूल का नाम जिला और प्रदेश स्तर पर भी आगे करने सहयोग प्रदान करने कहा। अध्यक्ष कमल शर्मा सहित सदस्यों ने शाला स्टाफ को अपना परिचय दिया और उनसे परिचय लिया।

### कानूनी जानकारी देने कार्यक्रम आज

ठेलकाडीह। स्थानीय कॉलेज में पुलिस प्रशासन एवं रिजर्व बैंक द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन कल 15 जुलाई को किया गया है। इस मौके पर पुलिस कप्तान आईपीएस त्रिलोक बंसल उपस्थित रहेंगे।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

## जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने 1905 किमी 11 केवी लाइन तथा 3245 नए ट्रांसफार्मर की होगी स्थापना: डिप्टी सीएम

# जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने 341 करोड़ रुपए का प्रावधान: विजय शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में विद्युत व्यवस्था बाधित होने की विभिन्न प्रकार की शिकायतें ट्रांसफार्मर खराब होना, बार-बार विद्युत आपूर्ति बाधित होना, खंबे तथा तारो का टूट जाना, जिसके चलते अनेक बार खासकर बारिश के मौसम में जन-धन की हानि हो जाती थी। जिस पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के प्रयासों से जल्द ही जिलेवासियों को इस समस्या से स्थायी निजाद मिलने वाला है।

जिले में विद्युत व्यवस्था सुधारने के लिए उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कार्य निष्पादन करने के लिए सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर निर्देश दिए है। जिले में 341 करोड़ रुपए के लागत से 1905 किमी 11 केवी लाईन तथा 3245 नए ट्रांसफार्मर की स्थापना की जाएगी।

जिले की विद्युत व्यवस्था खराब स्थिति के सुधार पर किए जाने वाले प्रयासों के संदर्भ में कवर्धा विधायक तथा छत्तीसगढ़ शासन में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया जिले में विद्युत व्यवस्था को लेकर अनेक प्रकार की शिकायत आ रही थी, इसके स्थाई समाधान की दिशा में आगे बढ़ते हुए जिले में विद्युत व्यवस्था सुधार किए जाने के लिए आरडीएस योजना के तहत 341 करोड रुपए का प्रावधान किया गया। उक्त राशि से जिले के घरेलू फीडर से कृषि पंप फीडर को पृथक किए जाने हेतु 119 फीडर और 3245 ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जाना है ताकि कृषकों को निर्बाध सिंचाई की सुविधा मुहैया हो सके और घरेलू विद्युत की कटौती न हो।

### जिले में 667 ग्रामों में खुले तारों को बदलकर एडी केवल लगाया जाएगा



श्री शर्मा बताया कि जिले में 667 ग्रामों में खुले तारों को बदलकर एडी केवल लगाया जाना है जो लगभग 4 हजार किलोमीटर से ज्यादा होगा, ताकि सुरक्षित विद्युत सप्लाई सुनिश्चित हो। साथ ही साथ वितरण ट्रांसफार्मर में 4045 नग नए डिस्ट्रीब्यूशन बॉक्स लगेंगे। उक्त कार्य पूर्ण होने पर लो-वोल्टेज की समस्या दूर होगी एवं तेज आंधी तूफान बारिश के कारण खुले तार के टूटने से जान माल की होने वाली क्षति भी नहीं होगी। उक्त समस्त कार्यो के निष्पादन की समय-सीमा जुलाई 2025 निश्चित है। राज्य सरकार उक्त कार्य को तेजी से करने के हेतु प्रतिबद्ध है, कार्य के शीघ्र निष्पादन हेतु सीएसपीडीसीएल के अधिकारियों की बैठक लेकर उन्हें समुचित निर्देश दिए गए हैं वहीं खम्बों के स्थापना की प्रक्रिया सार्वजनिक करते हुए कार्य स्थलों पर विवरण तथा चित्र के माध्यम से आदर्श जाने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि जन सामान्य ठेकेदार द्वारा उक्त भीम का पालन न किए जाने की दशा में उच्च अधिकारियों को शिकायत कर सके और जिससे खंबे झुकना और तार टूटने की घटनाएं न्यूनतम घटित हो यह सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा लम्बे समय से विद्युत सप्लाई निर्बाध हो इसके लिए वृहत योजना की आवश्यक्ता थी जल्द ही इस प्रक्रिया के पूर्ण होने के बाद जन मानस को विद्युत सप्लाई को लेकर बड़ी राहत मिलेगी ।

# शहर व अंचल में हुई झमाझम बारिश से किसानों ने ली राहत की सांस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



रविवार को दोपहर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हुई झमाझम बारिश से किसानों ने राहत की सांस ली है। वहीं किसानों व आम नागरिकों को उमस भरी गर्मी से राहत व सुकून मिला। जिसमें रविवार को दोपहर को हुई हल्की तेज बारिश से जहां तापमान में गिरावट आई है। साथ ही साथ शहर सहित क्षेत्र में खेती-किसानी के लिए भी यह बारिश राहत देने वाली साबित हुई। रविवार हो गई बारिश से धान की थरहा फसल के लिए लाभ दायक है, जहां उमस भरी गर्मी से धान की फसल पर गहरा प्रभाव व क्षेत्र के किसान चिंतित व परेशान थें वहीं हल्की तेज बारिश से किसानों सहित आम नागरिकों को राहत मिली है।

### गुरूकुल स्कूल में कराई गई इको गार्डनिंग एक्टीविटी




**हरिभूमि कवर्धा।** नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल में कक्षा नर्सरी से केजी टू के नन्हें-मुन्ने छात्र छात्राओं को इको गार्डनिंग एक्टीविटी सम्पन्न कराई गई। इस शुभ अवसर पर प्री-प्रायमरी के शिक्षिकाओं व नन्हे मुन्ने बच्चों ने पौधरोपण कर वातावरण की शुद्धीकरण में अपनी सहभागिता निभाए। शिक्षिकाओं ने इस अवसर पर नन्हे मुन्ने बच्चों विद्याथिरयों को पौधरोपण के महत्व को समझाते हुए कहा कि हमारे जीवन के लिए शुद्ध पर्यावरण की आवश्यकता है, जिसको पौधरोपण कर शुद्धीकरण किया जा सकता है। जिस पर संस्था के समस्त पदाधिकारीगण व शाला के प्रभारी प्राचार्य ने इस शुभ व पुनीत कार्यो के लिए हार्दिक बधाइयां व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

## खबर संक्षेप

### बी कॉम भाग तीन का पुनर्मूल्यांकन के परीक्षा परिणाम घोषित

**हरिभमि कवर्धा।** दुर्ग के हेमचंद विवि ने पुनर्मूल्यांकन परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें बीकॉम भाग-तीन (पुनर्मूल्यांकन 20 प्रतिशत) वार्षिक परीक्षा-2024 शामिल है। परीक्षा परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड किया गया है, संबंधित परीक्षार्थी विवि की वेबसाइट का अवलोकन कर सकते है।

### स्कूल में भरा पानी, जिम्मेदार बेपरवाह

**कवर्धा।** ग्राम कोयलारी के स्कूल परिसर में 17 दिनों से पानी भरा हुआ है लेकिन आज तक पानी निकासी कराए जाने के बजाय जिम्मेदारों ने वैकल्पिक व्यवस्था में दूसरे स्थान पर स्कूल का संचालन कर रहे है जहां बच्चों को मध्यान भोजन भी 500 मीटर दूर से लाकर बच्चों को मध्यान भोजन कराया जा रहा है। कभी भी मध्यान भोजन गरम पके भोजन कही रास्ते में गिर जाए तो कभी भी दुर्घटना हो सकती है। उन समस्याओं के निराकरण के लिए स्कूल तक भी अधिकारी झांकने नहीं पंहुचते हैं।

### एक पौधा मां के नाम पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** जल शक्ति से नारी शक्ति विषय पर एक पौधा मां के नाम पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन सेक्टर बम्हनी के आगनबाडी केंन्द्र जुनवानी में किया गया। जिसमें इंद्राणी चन्द्रवंशी अध्यक्ष जनपद पंचायत कवर्धा दिनेश चन्द्रवंशी सांसद प्रतिनिधि विवेका हैरिस परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर मोनिका दुबे, कार्यकर्ता एवं सहायिका के द्वारा एक पौधा मां के नाम व चार बेटी के नाम पर लगाया गया। जिसमें महतारी वंदन योजना से लाभान्वित हितग्राही, गर्भवती शिशुवती, किशोर बालिकाएं एवं बच्चे उपस्थित होकर पौधारोपण कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगो जल संरक्षण के महत्व एवं पौधा की रखरखाव बचाव हेतु प्रेरित किया गया।

### नगरीय निकायो को सौर ऊर्जा संबंधी काम क्रेडा से कराना होगा

**कवर्धा।** नगरीय प्रशासन व विकास विभाग ने राज्य के सभी नगरीय निकाय को परिपत्र जारी कर सौर ऊर्जा से संबंधित सभी तरह के कार्य क्रेडा (छत्तीसगढ़ अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण) के माध्यम से कराने के निर्देश दिए सौर ऊर्जा से संबंधित कार्य क्रेड़ा के माध्यम से कराने कहा है।

# शासन प्रशासन से किसानों ने की गन्ना फसल बकाया राशि की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



पंडरिया स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल शक्कर कारखाना पंडरिया सहित आसपास क्षेत्र के किसानों को उनका गन्ना फसल का बकाया राशि नहीं मिलनें से ग्रामीणों मे भारी आक्रोश व्याप्त है। जिस पर ग्रामीण किसानों नें शासन प्रशासन व जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने तथा विभागीय अधिकारियों को कई बार शिकवा शिकायत करने के बाद भी विभागीय अधिकारियों के कान में जू तक नहीं रेंगते, जिससें गन्ना फसल के किसान अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार गन्ना किसान फसल बेचने के बाद से आज पर्यन्त तक किसान को गन्नाफसल का बकाया राशि नहीं मिलने से ग्रीमण गरीब किसान चिंतित व परेशान है। जिस पर आसपास क्षेत्र के गरीब किसानों नें शासन-प्रशासन से मांग कर जल्द से जल्द किसानों का गन्ना फसल का बकाया राशि भुगतान करने की मांग है ताकि किसानों को राहत मिल सकें।

### अभाविप का सराहनीय पहल वनांचल क्षेत्र में सेवा कार्य जारी



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सेवा कार्य आयाम के तहत वनांचल क्षेत्र में सेवा कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। जिसमे वनांचल बैगा जनजाति परिवारजनों के समक्ष अभाविप पहुंचकर पढ़ाई-लिखाई करने वाले बालक-बालिकाओं को अध्ययन सामाग्री जैसे कापी, पेन, बैग व पेंसिल एवं अन्य पठन-पाठन सामाग्री तितरण किया गया। जिसमें रविवार को वनांचल क्षेत्र बैगाआदिवासी ग्राम देवसरा, बकेला, पचराही व अधरी-कछार में विद्यार्थियों को पाठ्य सामग्री प्रदान किया गया। तुषार चंद्रवंशी ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वनांचल ग्राम में निवासरत बैगा आदिवासी परिवारों तक पहुंचना जहां सेवा व सुविधा आज तक नहीं पहुंच पाई है। उन्होने बताया कि अभाविप सेवा कार्य जोर शोर से क्षेत्रों में पहुंचने का प्रयास करती है जहां आज भी विकास नाम की चिड़िया नहीं पहुंच पाई वहां की समस्याओं को निकालकर शासन प्रशासन के समक्ष रखकर उनके निराकरण के विषय पर बात करती है। साथ ही गांव की प्रतिभाओं को बड़ा मंच प्रदान करने में अभाविप का अहम योगदान रहा। इस दौरान सचिन धुर्वे, तुषार चन्द्रवंशी, खेमलाल साहू, मानस मिश्रा, लिलाराम यादव, गोपाल जायसवाल, गोविन्दा पटेल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

# अधिकारियों-कर्मचारी की अनदेखी के कारण फसल बीमा के लाभ से वंचित किसान

- मुआवजा राशि नही मिलनें से किसानों ने जिम्मेदारों को लगाई गुहार।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुई कुकदूर

बीमा कंपनी व कर्मचारी-अधिकारियों की निष्क्रियता के कारण आसपास क्षेत्र के किसानों को फसल बीमा नहीं मिला है। ग्रामीण किसानों द्वारा रबी व खरीफ फसलों का बीमा कराया जाता है, गत वर्ष भी किसानों ने बजाज अलियांज बीमा कराया ताकि यदि किसी प्राकृतिक आपदा या अन्य कारणों से फसल नुकसान हो तो उसका मुआवजा राशि बीमा कंपनी से मिल जाए। जो किसान क्रेडिट कार्ड हितग्राही हैं उनका फसल बीमा उनके बैंक से ही हो जाता है वहीं जो ग्रामीण किसान बैंक से कर्ज नहीं लिए हैं वो खुद से बीमा कराते हैं। जिसमें ओला वृष्टि से इस वर्ष किसानों को चना फसल की भारी नुकसान हुआ, जिस पर ग्रामीण किसानों द्वारा फसल नुकसान की स्थिति में किसानों को क्लेम करना होता है इसकी जानकारी उन्हें नहीं होता है या होता है या किसान प्रक्रिया पूरी करता है फिर भी उनका क्लेम आता नहीं है। इस संबंध में किसानों को कोई जानकारी नहीं होता है, क्षेत्र के किसानों ने बताया कि कृषि अधिकारी से संपर्क करने पर बीमा कंपनी वाले जाने बीमा वालों से संपर्क करने पर कार्यालय आए जबकि बीमा कंपनी के कार्यालय और अधिकारी का कुछ अता-पता नहीं है। वहीं ग्राम नेऊर निवासी कृषक रामा मुराली, खेमचंद कृषे, तिरथ कृषे ने बताया कि उनका फसल ओला वृष्टि में बर्बाद फसल की क्षतिग्रस्त होने पर बजाज अलियांज में शिकायत भी दर्ज करा क्लेम की प्रक्रिया पूर्ण किए गए लेकिन मुआवजा नहीं मिला जबकि गांव के कुछ किसानों का मुआवजा मिला इस तरह गड़बड़ी बीमा कंपनी कर रही है या कृषि विभाग, राजस्व के कर्मचारियों को जांच की मांग कि गई ताकि ग्रामीण किसानों को मुआवजा राशि नही मिलनें पर जिम्मेदारों को इस ओर ध्यान देने कि अपील की गई।

## मां महामाया सेवा समिति ने चलाया साफ सफाई का 111वां अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

मां महामाया सेवा समिति के स्वच्छता शतक वीरो ने ट्रिपल नेलशन स्वच्छता अभियान का 111वां चरण पूर्ण किया। जिसमें भगवान भोलेनाथ व शक्ति सामर्थ्य दाता शनिदेव महाराज के परिषर में बिखरे हुए बेगैरत, बेमुद्दत कचरे की साफ-सफाई किया गया। महाराज बद्री शुक्ला के अनुरोध पर सावन लगने से पहले भक्तो की सेवा में अपने कार्यो को समर्पित करते हुए सांसद प्रतिनिधि समिति अध्यक्ष संजय सोनी, सचिव अभिषेक शर्मा, समिति उपाध्यक्ष, पार्षद अनुराग सिंह, शंकर राव, आचार्य मनेंद्र शांडिल्य, पूर्व पार्षद विजय बर्मन, रमतला नायक, मनमोहन साहू व चन्द्रकुमार सोनी के साथ नगर पालिका स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर डॉ रामकिशोर बैस, ब्रांड एम्बेसडर मोहन राजपूत, राजीव श्रीवास्तव, हमीद, अथर्व सोनी, जय मां कंकालिन दुर्गा उत्सव समिति के कार्यकर्ता शेरा धावलकर, संतोष यादव, रामकुमार धुरी, कार्तिक सोनी, सुरेश धावलकर, गर्ल्स ग्रुप ज्योति कुर्रे व नगर पालिका कर्मचारी गण तथा कमांडो दस्ता सहित आसपास के लोगो के सहयोग सफाई अभियान चलाया गया।

## पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र में अतिक्रमण हटाकर सामग्री जप्त किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ पंडरिया

विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत पूर्व परिक्षेत्र अतिक्रमण हटाकर सामग्री जप्त की गई। पंडरिया परिक्षेत्र से प्राप्त जानकारी के अनुसार पंडरिया पूर्व परिक्षेत्र, कोदवा बीट के कक्ष क्रमांक 522 में कुछ लोगों द्वारा अवैध रूप से अतिक्रमण का प्रयास कर खुंटा गड़ाकर तार फेसिंग किया गया था। जिस पर वनमंडलाधिकारी कवर्धा एवं उप वनमंडलाधिकारी पंडरिया परिक्षेत्र अधिकारी पंडरिया पूर्व द्वारा समस्त स्टाफ के साथ उक्त स्थल में लगाए गए लगभग 120 लकड़ी के खूंटे तथा लगभग 30 किलो बारबेट वायर जप्त कर संबंधित अतिक्रमणकारी को वहां से हटाया गया।

### छात्र छात्राओं ने पौधरोपित कर सुरक्षित करने लिया संकल्प

# विनायक पब्लिक स्कूल में सप्ताहिक विविध कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



विनायक पब्लिक इंग्लिश मीडियम स्कूल रामनगर-शंकरनगर में अपनी नई सोंच, नई उड़ान कार्यक्रम के तहत शनिवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया किया। जिसमें स्कूल के प्रबंध निदेशक डॉ नारायण साहू, अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू के निर्देशानुसार एवं मैनेजमेंट विभाग के मार्गदर्शन में स्कूल के प्राचार्य एवं एकेडमिक सभी शैक्षणिक स्टॉफ द्वारा विशेष मार्गदर्शन छात्र छात्राओं को दिया गया। शिक्षा सत्र 2024-25 के द्वितीय संस्करण के माध्यम से प्रथम सत्र में प्रार्थना व असेंबली पश्चात विद्यार्थियों को प्रतिदिन अपने शरीर, मन, मस्तिष्क को स्वास्थ्य व तरोताजा रखने के लिए महत्वपूर्ण क्रिया विधि पीटी, मेडीटेशन, योगाभ्यास के साथ ही साथ सूर्य नमस्कार कराया गया। द्वितीय सत्र में छात्र छात्राओं के अंदर सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थी जीवन में नैतिक शिक्षा के साथ-साथ प्रकृति व पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण कर उनकी महत्व की विस्तृत जानकारियां साझा की गई। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक वृक्ष अपने मां के नाम पर नई सोंच, नई उड़ान कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रीन डे के शुभ अवसर पर प्रकृति का श्रृंगार हेतु वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए पौधरोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। जिसमें विद्यार्थियों ने फूल-फल व छायादार जैसे आम, नीम, जामुन, कटहल, बादाम, कदम का वृक्ष, गुलाब, लीची, अमरूद, अशोक, मीठा नीम, नींबू, बेल, तुलसी, सीताफल, पारिजात, गुड़हल पौधरोपित कर सुरक्षित करने का संकल्प लिया। इस दौरान शिक्षक शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

# ग्रामीणो को कीचड़ भरी मार्ग से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव



विकासखण्ड पंडरिया अंतर्गत ग्राम दामापुर बाजार के आश्रित ग्राम पंचधार से दामापुर-कठौतिया मार्ग किचड़ से लथपथ होने के कारण ग्रामीणों व राहवासियों को भारी दिक्कतो व परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिस पर ग्राम पंचधार के ग्रामीणों ने जिम्मेदारों व विभागीय अधिकारियों को इस मार्ग को लेकर कई बार शिकवा शिकायत के बाद भाजपा शासन काल में ग्रामीणों की समस्या व परेशानियों को देखते हुए ग्राम पंचधार से दामापुर-कठौतिया मार्ग लगभग 300 मीटर मार्ग सीसी रोड़ निर्माण कराया जाएगा। जिस पर आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों नें सीसी रोड़ स्वीकृत होने से भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। वहीं रहवासी मनहरण साहू ने विधायक श्रीमती भावना बोहरा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंचधार से दामापुर-कठौतिया के ग्रामीणों व रहगीरों को आवाजाही में भारी परेशानी व दिक्कतों का सामना करना पड़ता था लेकिन सीसी रोड़ निर्माण कार्य की स्वीकृति से लथपथ किचड़ से राहत व आवाजाही में सुविधा मिलेगी।